जबलपुर

शनिवार 17 अक्टूबर 2026

आश्विन मास शुक्ल पक्ष-7
वर्ष : 21, अंक : 165
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 29
न्यून. 20

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

पिता ने दिल्ली केस ट्रांसफर करने की मांग की

सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा केस में भोपाल ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर लगाई रोक



ट्विशा मृतक, सास गिरीबाला और पति समर्थ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व मॉडल और अभिनेत्री ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भोपाल की निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने यह आदेश ट्विशा के पिता नवनीधि शर्मा की याचिका पर दिया। नवनिधि की याचिका पर शीर्ष अदालत ने सीबीआई, गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में मामले की सुनवाई भोपाल से दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई है।

- सीबीआई समेत तीन पक्षों को नोटिस
- मौत से पहले शरीर पर चोट के निशान होने का दावा

13 साल की किशोरी से दुष्कर्म, वाइटनर लगे कपड़े से मुंह दबाकर हत्या

देवी जी के दिनों में 'घोर पाप'

- 23 साल के युवक ने खंडहर में ले जाकर किया दुष्कर्म
- वाइटनर सुंघाते समय दम घुटने से मौत
- हिरासत में आरोपी बो ला - वा इ ट न र सूंघने का नशा करती थी साथ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा प्लाजा के पास खंडहरनुमा बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर पर 13 साल की किशोरी से 23 साल के युवक द्वारा दुष्कर्म और मुंह दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे से 9.50 के बीच की है। दरअसल, खंडहरनुमा बिल्डिंग में बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के अनुसार आरोपी नाबालिग को 9 बजे लेकर अंदर गया था। 50 मिनट बाद 9.50 पर बिल्डिंग से अकेला बाहर निकलता हुआ नजर आया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मेडिकल रिपोर्ट के बाद आरोपी के खिलाफ हत्या और बलात्कार सहित पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस के अनुसार 13 साल की किशोरी बैरागढ़ इलाके में रहती थी और पन्नी बीनने का काम करती थी। इसी इलाके में 23 साल का मुईन रहता है। मुईन भी पन्नी बीनने का काम करता है और कभी कभार चौकीदारी का काम करता था। पन्नी बनने के कारण किशोरी और मुईन की दोस्ती थी।



घटना स्थल पर पुलिस

रात को नहीं लौटी : किशोरी के परिजनों का कहना है कि रात करीब आठ बजे वह घर से निकली थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर बैरागढ़ थाने पहुंचकर पुलिस से संपर्क किया। परिजन ने पुलिस को बताया कि वह पहले भी घर से जा चुकी है, लेकिन तीन चार घंटे मेंलौट आई थी। लिहाजा पुलिस ने गुमशुदगी और अपहरण का मामला दर्ज नहीं किया, लेकिन किशोरी की तलाश करने चार्ली और एफआरवी में तैनात पुलिसकर्मियों को पॉइंट दिया था।

दोपहर में करीब साढ़े 12 बजे मिला किशोरी का शव

शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे परिजनों को सेकंड फ्लोर पर कमरे में रखे टेबल के पीछे किशोरी का शव पड़ा हुआ नजर आया। परिजनों का कहना है कि किशोरी के नीचे के कुछ कपड़े नहीं मिले है, जबकि लेगी उतरा हुआ था। पुलिस को निरीक्षण के दौरान कमरे से तीन वाइटनर की खाली शीशी मिली है। आरोपी मुईन से पूछताछ में पता चला कि वह वाइटनर का नशा करता था और किशोरी भी उसके साथ नशा करती थी। आरोपी ने दुष्कर्म की बात से इंकार किया है, लेकिन हालात देखकर अनुमान है कि उसने किशोरी से दुष्कर्म किया था।

पाठक सूचना

हरिभूमि

सुनहरा मौका

सुनिश्चित उपहार 2026

का सामान्य कूपन

कल के अंक में देखें।

सप्तम : मां कालरात्रि



ज्वाला कराल अति उग्रम शेषा सुर सूदनम।
त्रिशूलम पातु नो भीते भद्रकाली नमोस्तुते।

हवा में उड़ी टेस्ला की कार, 2028 से उत्पादन

नई दिल्ली। टेस्ला ने अपनी नई पीढ़ी की सुपरकार रोडस्टर का प्रोटोटाइप अमेरिका के टेक्सस स्थित स्पेसएक्स रॉकेट परीक्षण केंद्र में पेश किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें कार को हवा में उड़ते दिखाने वाला स्टंट आकर्षण का केंद्र रहा। वीडियो वायरल हो रहा है। इस दो सीटों वाली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार में रॉकेट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

'रिजीम चेंज' पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने, प्रशांत भूषण के बयान पर बढ़ा विवाद

विदेशी ताकतों के जरिए भारत को 'अस्थिर' कर रहे

नवीन: अराजकता से तख्तापलट की साजिश रच रहा है सारा विपक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच 'रिजीम चेंज' यानी सत्ता परिवर्तन के बयान पर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गई हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण के बयान पर विपक्ष को घेरा, तो कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि उनकी पार्टी चुनाव के जरिए सत्ता बदलना चाहती है और ऐसा करके रहेगी। नवीन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों के इस्तेमाल से विपक्ष का असली एजेंडा सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को अस्थिर करने का प्रयास 'अर्बन नक्सल' के एजेंडे का हिस्सा है। नवीन ने कहा कि विपक्ष की लड़ाई चुनावी व्यवस्था में सुधार या एसआईआर को लेकर सत्ता हासिल करने के लिए है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष देश में अराजकता फैलाना चाहता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता का रास्ता जनादेश से होकर गुजरता है, अराजकता से नहीं। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के किसी भी प्रयास का विरोध करने की बात कही।



- 'रिजीम चेंज' जैसे शब्दों के इस्तेमाल से विपक्ष का असली एजेंडा सामने आ गया
- विपक्ष की लड़ाई चुनावी व्यवस्था में सुधार या एसआईआर को लेकर नहीं



- विदेशी ताकतों से मिलकर या फंडिंग की बात है तो सरकार जांच करा ले
- भाजपा भी पहले जो आंदोलन करती रही है

प्रशांत भूषण ने क्या कहा था?

अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने 15 अक्टूबर को कहा था कि विपक्ष फिलहाल निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन यदि कथित बर्बरता जारी रही तो सत्ता परिवर्तन निश्चित रूप से होगा। उन्होंने सत्ता परिवर्तन को हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार बताते हुए कहा था कि संविधान के तहत सरकार के प्रति असंतोष व्यक्त करना अपराध नहीं है।

एसआईआर का मुद्दा चुनाव सुधार से ही जुड़ा

पवन खेड़ा : हां, करेंगे तख्तापलट पर हम वोट की ही ताकत से करेंगे

खेड़ा बोले- चुनाव से सत्ता बदलना हमारा मकसद

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि हम रिजीम चेंज करना चाहते हैं और रिजीम चेंज करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का उद्देश्य चुनाव के माध्यम से सत्ता बदलना है। खेड़ा ने कहा कि देश में आक्रोश का माहौल है और युवा सड़कों पर उतरकर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। उनके मुताबिक सरकार की प्रतिक्रिया से लगता है कि उसे विरोध प्रदर्शनों से परेशानी हो रही है। खेड़ा ने सवाल उठाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जनता सवाल पूछ रही है, लेकिन जवाब भाजपा दे रही है। उन्होंने कांग्रेस के 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान का जिक्र करते हुए पूछा कि इससे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आपत्ति क्यों है। खेड़ा ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल को लोकतंत्र में विरोध की आदत नहीं रही। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय भाजपा को ऐसे बयानों पर आपत्ति नहीं थी, लेकिन अब प्रशांत भूषण के ऐसा कहने पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

कानून मंत्री मेघवाल ने कहा- डीएमके से बात हुई

महिला आरक्षण और परिसीमन पर विशेष सत्र बुला सकती है सरकार



अर्जुन मेघवाल और मल्लिकार्जुन खरगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े विधेयकों को फिर से संसद में पेश करने के लिए केंद्र सरकार इस महीने के आखिर में संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। सरकार इन विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है। हालांकि, इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को आगाह किया है।

- कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी
- कहा- संवैधानिक संशोधन विधेयक जबरन पास न कराएं

परिसीमन पर चर्चा की मांग

खरगे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मानसून सत्र के सत्रावसान में देरी पर भी सवाल उठाए हैं।



रतलाम रेल मंडल में हादसा

गोवा एक्सप्रेस की टक्कर से रेलकर्मी की मौत, दूसरा गंभीर



ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में शुक्रवार सुबह ट्रैक मेंटेनेंस के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। मक्सी और पीर उमरोद रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम झोंकर के पास डायवर्टेड गोवा एक्सप्रेस ने स्थायी मार्ग निरीक्षक की ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में रेलकर्मी भगवानसिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिलीप जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के कारण करीब आधे घंटे तक रेल यातायात प्रभावित रहा। बेरछा रेलवे स्टेशन से करीब 14 किलोमीटर दूर मक्सी-पीर उमरोद रेलखंड पर झोंकर रेलवे फाटक के पास ट्रैक की मरम्मत और सुधार का काम चल रहा था।

सिंहस्थ की जमीन पर चला बुलडोजर

महामंडलेश्वर के आश्रम का 4 मंजिला भवन जमीदोज



आश्रम में होटलनुमा निर्माण पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 से पहले मेला क्षेत्र की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई तेज हो गई है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने जूना अखाड़े से जुड़े महामंडलेश्वर ज्योति गिरि के हरियाणा सेवा आश्रम में बने चार मंजिला भवन को बुलडोजर चलाकर ढहा दिया। भवन होटलनुमा स्वरूप में बनाया गया था। निर्माण हटाने के लिए पहले दो बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बाद भी भवन नहीं हटाया गया। नगर निगम की टीम शुक्रवार तड़के करीब पांच बजे आश्रम परिसर पहुंची।

संघ प्रमुख का 3 दिवसीय जबलपुर प्रवास

विभिन्न दायित्वों पर कार्यरत स्वयंसेवकों से करेंगे 'संवाद'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



संगठनात्मक विषयों पर होगी चर्चा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत अपने नियमित प्रवास के अंतर्गत 24 से 26 अक्टूबर 2026 तक तीन दिवसीय जबलपुर प्रवास पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान वे संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा स्वयंसेवकों एवं दायित्वान कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन करेंगे।

प्रवास के प्रथम दिन, 24 अक्टूबर को डॉ. भागवत जबलपुर महानगर में निवासरत मुख्य शिक्षक एवं उनसे ऊपर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। इस अवसर पर वे कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठनात्मक कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा करेंगे। दूसरे दिन, 25 अक्टूबर को वे महाकौशल प्रांत के महाविद्यालयीन स्वयंसेवकों के शिविर में सहभागी होंगे। इस अवसर पर डॉ. भागवत युवा स्वयंसेवकों से संवाद करेंगे। प्रवास के अंतिम दिन, 26 अक्टूबर को, डॉ. भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महाकौशल प्रांत की कार्यकारिणी एवं विभाग टोली के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में संघ के संगठनात्मक कार्यों, गतिविधियों एवं विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा होगी तथा आगामी कार्यों के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

विधायक घनश्याम सिंह को हाई कोर्ट का नोटिस

ग्वालियर। दतिया से कांग्रेस विधायक घनश्याम सिंह के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में सुनवाई हुई। पीठ ने विधायक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। भाजपा नेता दीपक बेलपत्री ने याचिका में आरोप लगाया है कि जुलाई 2026 के विधानसभा उपचुनाव के दौरान दाखिल शपथपत्र में आपराधिक प्रकरणों की जानकारी छिपाई गई। याचिकाकर्ता के अनुसार, वर्ष 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद दतिया में हुए ।



मोहन राज में सुगम सफर



मध्यप्रदेश में शहर और गांव का सफर सुगम बनाने का संकल्प प्रदेश सरकार पूरा कर रही है

किसी भी प्रदेश की तरक्की का पैरामीटर वहां की परिवहन सेवा भी है। सफर कितना सुगम और सरल है। लोग कितनी आसानी से एक जगह से दूसरी जगह पहुंच सकते हैं। रोज काम पर जाने वाले लोग, पढ़ाई के लिए शहर आने वाले विद्यार्थी, इलाज या रोजगार के लिए निकले ग्रामीण और सफ़र करती महिलाएं, सभी को सुरक्षित, समयबद्ध और किफायती सार्वजनिक परिवहन की जरूरत होती है। इसी जरूरत को समझते हुए राज्य की डॉ.मोहन यादव सरकार ने 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' के रूप में एक बड़ी जनहितैषी सौगात मध्यप्रदेश को दी है। इस योजना की खास बात ये है कि इससे शहर और गांव दोनों लाभान्वित होंगे। इस योजना की खास बात है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए निर्देश दिए और तत्काल इस पर अमल शुरू हो गया, आने वाले समय में यह सुविधा और बेहतर होगी।

01 शुरुआत में 351 बसें प्रदेश के 7 क्षेत्रों में दौड़ना शुरू हुईं

02 प्रदेश की 75 फीसदी पंचायतों को मिलेगा लाभ

03 2031 तक होंगी 14981 हजार बसें, कुल-30 लाख लोग होंगे लाभान्वित

भोपाल

मध्यप्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के नए दौर की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यकाल में हुई है। इनमें 120 इंटरसिटी और 231 इंट्रासिटी बसें हैं, जो इंदौर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, देवास, कटनी और भिंड के यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती सफर करा रहीं है। योजना के तहत प्रदेश में लगभग 1006 बसें चलना शुरू होंगी, जबकि वर्ष 2031 तक 14981 से अधिक आधुनिक बसों के संचालन का लक्ष्य है। इससे रोज 30 लाख से ज्यादा यात्रियों को लाभ मिलेगा। वर्ष 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतें बस सेवा से जुड़ेंगी और 180 से अधिक बस स्टैंड, टर्मिनल व डिपो नए स्वरूप में नजर आएंगे। सुरक्षा पर विशेष जोर है। बसे सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग से होगी, और आईटीएमएस के जरिये कमांड-कंट्रोल सेंटरों से निगरानी की जाएगी। इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार से पर्यावरण को राहत मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे।



एडवांस तकनीक वाला है बसों का स्टेयरिंग

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत शुरू होने वाली इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों के संचालन को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में परिवहन विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके अंतर्गत सड़कों पर दौड़ने वाली बसों का स्टेयरिंग एडवांस तकनीक से प्रशिक्षित ड्राइवरों के हाथों में होगा। इसके लिए बस चालकों को इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों की तकनीक, संचालन और सुरक्षा मानकों से परिचित कराने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे नई तकनीक वाली बसों का सुरक्षित और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

चालकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रदेश में वाहन चालकों को आधुनिक बसों की सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इंदौर और छिंदवाड़ा में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां वाहन चालकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में 5 रीजनल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार हो जाएंगे। ये सेंटर भोपाल, बैतूल, छतरपुर, उज्जैन और ग्वालियर में स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा जिला स्तर पर 22 ड्राइवर ट्रेनिंग सेंटर भी जल्द तैयार किए जाएंगे। इन प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से वाहन चालकों को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा मानकों तथा इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों के संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पहले फेज में इन शहरों में चल रहीं 351 बसें

- इंदौर के लिए 145 बस, जिसमें 50 इंटरसिटी, 95 इंट्रासिटी
- भोपाल के लिए 106 बसें, जिसमें 23 इंटरसिटी, 83 इंट्रासिटी
- जबलपुर के लिए 67 बसें, जिसमें 14 इंटरसिटी,53 इंट्रासिटी
- रीवा की 18 और देवास की 10 इंटरसिटी बस
- कटनी की 3 और भिंड की 2 इंटरसिटी बसों को रवाना किया गया

दो श्रेणियों में बस सेवा

351 बसों को एक साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसे दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इसमें 120 इंटरसिटी बसें हैं। ये बसें दो या दो से अधिक शहरों के बीच आवागमन को सुगम और तीव्र बनाएंगी। 231 इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और सस्ती यात्रा सुविधा प्रदान करेंगी।

पैनिक बटन और जीपीएस से बढ़ेगी सुरक्षा

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में यात्रियों की सुरक्षा और बसों की निगरानी के लिए तकनीक का उपयोग किया जाएगा। बसों में पैनिक बटन और जीपीएस की सुविधा रहेगी। जीपीएस के माध्यम से बसों की लाइव लोकेशन की निगरानी की जा सकेगी। पैनिक बटन आपात स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में काम करेगा।

साल-दर-साल बढ़ेगी बसों की संख्या

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार करते हुए बसों की संख्या 14981 बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा चरणबद्ध कार्य योजना भी तैयार की गई है। इसके अनुसार प्रतिवर्ष 2500 से तीन हजार नई बसें जोड़ी जाएंगी। विभिन्न क्षेत्रों में यात्रियों के लिए आवागमन के अधिक विकल्प होंगे।

इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों का संचालन

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा अंतर्गत प्रदेश में इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों का संचालन शुरू किया गया है। इससे शहरों के बीच आवागमन के साथ ही शहरों के भीतर सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं बढ़ेंगी। सेवा का उद्देश्य प्रदेशवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सुगम, सुरक्षित और मरोसेमंद परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है। इंटरसिटी बसें दो या दो से अधिक शहरों को जोड़ेंगी, जबकि इंट्रासिटी बसें शहरों के भीतर चलेंगी।

पीपीपी मॉडल से निजी ऑपरेटरों की भी होगी सशक्त भागीदारी

बसों के साथ दौड़ेगा रोजगार, सुगम परिवहन सेवा से निवेश और स्वरोजगार को मिलेगी बड़ी रफ्तार

बस संचालन से लेकर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तक बढ़ेगा निवेश

मध्यप्रदेश में शुरू हो रही 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' सिर्फ यात्रियों के सफर को आसान बनाने की योजना नहीं है, यह प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। योजना के तहत परिवहन क्षेत्र का विस्तार होने से बस संचालन, वाहन निर्माण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी सेवाओं जैसे कई संबद्ध क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएँ बढ़ेंगी। इससे परिवहन से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और युवाओं के लिए नए अवसर बनेंगे। योजना में निजी भागीदारी पर भी खास जोर है। जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) को गति देने के लिए पारदर्शी अनुबंध प्रणाली और प्रोत्साहन योजनाएँ लागू की जाएंगी। इस मॉडल से निजी बस ऑपरेटरों को राजस्व रिसाव रोकने, विज्ञापन और कार्गो सेवाओं जैसी नॉन-फेयर आय बढ़ाने तथा आधुनिक डिपो और टर्मिनलों के उपयोग की सुविधा मिलेगी। प्रशासन का पूर्ण सहयोग भी उन्हें मिलेगा।



7 कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए

बसों की निगरानी के लिए मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और उसकी 7 सहायक कंपनियों में अत्याधुनिक कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये इन केंद्रों से बसों के संचालन, लोकेशन और समयबद्धता की रियल टाइम निगरानी होगी। सभी बसों में 7 सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन और रियल-टाइम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, ड्राइवरों की तकनीकी ट्रेनिंग और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र से यात्रा सुरक्षित और समयबद्ध होगी। यह आधुनिक व्यवस्था तकनीकी और प्रशिक्षित मानव संसाधन की नई मांग भी पैदा करेगी। सरकार का लक्ष्य प्रदेश में 14981 से अधिक आधुनिक बसें चलाने का है। जैसे-जैसे यह नेटवर्क फैलेगा, परिवहन क्षेत्र में रोजगार और निवेश का दायरा बढ़ेगा।

बस सेवा में महिला और बाल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

बसों में पैनिक बटन, सीसीटीवी और रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग

गांव तक पहुंचेगी बस, सफर में सुरक्षित रहेंगी बेटियां

2031 तक 75 फीसदी बस सेवा ग्राम पंचायतों तक

मध्यप्रदेश में शुरू हो रही मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा गांवों को शहरों से जोड़ने और महिलाओं के सफर को सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। योजना के तहत साल 2031 तक 75 प्रतिशत ग्राम पंचायतों को बस सेवा से जोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीण कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी। इसके लिए प्रदेशभर में लगभग 14981 से अधिक आधुनिक सार्वजनिक बसें चलाई जाएंगी, जिनसे प्रतिदिन 30 लाख से ज्यादा यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। सार्वजनिक बसों में महिला और बाल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सभी बसों को सीसीटीवी कैमरों, पैनिक बटन और रियल-टाइम व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम से लैस किया जा रहा है। पैसेंजर इंफॉर्मेशन सिस्टम, ड्राइवरों की तकनीकी ट्रेनिंग और त्वरित शिकायत निवारण तंत्र के जरिए सुरक्षित और समय पर यात्रा सुनिश्चित की जाएगी। इससे परिवहन व्यवस्था सुरक्षित, सुगम, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।



बसों के संचालन और लोकेशन पर रहेगी निगरानी

बसों की निगरानी इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम से की जाएगी। इसके लिए मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और उसकी 7 सहायक कंपनियों में आधुनिक कमांड-कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। यहां से बसों के संचालन, लोकेशन और समय की रियल टाइम निगरानी होगी।

गांव-शहर की दूरी होगी कम

ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह योजना खास मानी जा रही है। बस सेवा से जुड़ने पर गांव के लोगों, विद्यार्थियों और महिलाओं को काम, पढ़ाई, इलाज और बाजार के लिए शहर तक पहुंचना आसान होगा। साथ ही 180 से अधिक आधुनिक बस स्टैंड, टर्मिनल और डिपो का कायाकल्प भी किया जाएगा। सरकार तकनीक, सुरक्षा और पर्यावरण से जोड़ने का दावा कर रही है।

20 साल बाद लौटीं सरकारी बसें, उम्मीदों को लगे पंख

सुगम परिवहन सेवा से आमजनों में उत्साह, कहा-व्यापार होगा आसान

बरसों के इंतजार के बाद प्रदेश की सड़कों पर सरकारी बसों की वापसी से आम लोगों में उत्साह है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की शुरुआत से पहले ही देवास, रायसेन और विदिशा जैसे शहरों में लोगों की उम्मीदें बसों के साथ दौड़ने लगी हैं। कहीं व्यापारी इंदौर आना-जाना आसान होने से कारोबार बढ़ने की आस लगाए हैं, तो कहीं युवा इसे रोजगार और आय के नए स्रोत खुलने का मौका मान रहे हैं। देवास के लोगों का कहना है कि 20 वर्षों बाद सरकारी बसें मिलने से निजी बसों के ज्यादा किराए से राहत मिल रही है और परिवार के साथ सुरक्षित यात्रा का भरोसा बढ़ा है। रायसेन में इसे उन गांवों के लिए वरदान बताया जा रहा है, जहां सड़क संपर्क सीमित है और लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने में लंबा सफर तय करना पड़ता था।

20 वर्षों बाद बस सेवा शुरू होने से देवास में खुशी



दशरथ यादव



राम बाबू

देवास में मेडिकल संचालक दशरथ यादव ने बताया कि 20 वर्षों से प्रदेश में सरकार द्वारा संचालित बसों की सेवाएं नहीं मिल पा रही थी। प्रायवेट बसों की सीट छोटी होती है और किराया ज्यादा होता है, लेकिन अब सरकार द्वारा संचालित बसों में बेहतर सुविधा कम किराए पर मिलने लगी है। शहरवासी राम बाबू ने बताया कि बसें चलने से एक शहर से दूसरे शहर जाने में सुविधा होगी। सरकारी बसों में सुविधा के साथ सुरक्षा मिलने से परिवार के साथ यात्रा करना सकुन भरा रहता है। का नाम भी शामिल है।

हर एक वर्ग में है उत्साह, कहा इससे जीवन होगा आसान



अब ज्यादा पैदल नहीं चलना पड़ता



मोहित सोनी

प्रदेश सहित रायसेन जिले में मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान है। खासकर उन गांवों के लिए जहां सड़क संपर्क सुविधा सीमित है और लोगों को जिला मुख्यालय या अन्य प्रमुख केंद्रों तक पहुंचने के लिए अक्सर लंबी दूरी तक पैदल चलना पड़ता है। इंजीनियर मोहित सोनी का कहना है कि सरकार ने बस संचालकों के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि का भी प्रावधान किया है। जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता और दूरदराज के इन इलाकों में निरंतर सेवा सुनिश्चित हुई है। यह बस सेवा बहु आयामी सुविधा साबित होगी। वहीं युवा सुमेश यादव ने बताया कि सुगम बस सेवा रायसेन गांव मुख्यद्वारा जुड़ें हैं।



सुमेश यादव

यात्रियों की जरूरत के अनुसार संचालन बेहतर



कमलेश सेन

विदिशा से विभिन्न शहरों को जोड़ने वाली बस सेवा की पहल को स्वागत योग्य बताते हुए रेल सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य कमलेश सेन का कहना है कि पहले राज्य परिवहन की बसें चलती थीं, जो समय के साथ बंद हो गईं। ऐसे में यह प्रयास सकारात्मक कदम है। लेकिन इसका वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब विदिशा-भोपाल के दैनिक यात्रियों के लिए मासिक पास की सुविधा तत्काल मिले और सुबह-शाम उपयुक्त समय पर बसों का संचालन समय पर किया जाए। इससे रेल यात्रियों को भी एक सुविधाजनक और किफायती वैकल्पिक परिवहन मिल सकेगा।

व्यापारियों को मिलेगी राहत



मोहन पटना

व्यावसायी मोहन पटना का इस परिवहन सेवा को लेकर कहना है कि व्यवसाय के संबंध में बसों से सैकड़ों की संख्या में लोग विदिशा से अन्य शहरों में परिवहन करते हैं। विदिशा के व्यापारियों के व्यवसाय का भी मुख्य केंद्र इंदौर होता जा रहा है। लेकिन लेकिन अभी इंदौर तक सिर्फ सुबह एक बस है और लौटने के लिए शाम को एक बस है। बीच में बस के माध्यम से इंदौर तक आने जाने के लिए कोई सुविधा नहीं है। सरकार की योजना से व्यापारियों को काफी राहत मिल सकेगी।

D-19199/26

Hero

HF Deluxe

बाइक दमदार दाम शानदार

एक्स-शोरूम कीमत
₹59 999/-* (सेल्फ़-स्टार्ट)

*नियम व शर्तें लागू

कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*

Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक*

TOLL FREE 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Madhya Pradesh. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344),डीलर एक्सटेंशन: सुदर्शन हीरो (आनंद नगर बस स्टॉप), 9289922353; बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वेढ़न: बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मेहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, ल्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनौरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुवन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079





























हरिभूमि की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दादा वीरेन्द्रपुरी जी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय)

अत्याधुनिक एवं उन्नत नेत्र चिकित्सा सेवाएँ

मायोपिया क्लिनिक — बच्चों एवं वयस्कों में निकट-दृष्टि दोष का विशिष्ट परीक्षण, नियंत्रण व आधुनिक उपचार
चश्मे से आजादी (लेजर सर्जरी) — अत्याधुनिक लेजर तकनीक द्वारा दूर-दूर एवं निकट दृष्टि दोष दोनों प्रकार के चश्मों से मुक्ति
बायनॉक्स थेरेपी — एम्ब्लोपिया (आलसी आँख) के इलाज हेतु एडवांस्ड विजन थेरेपी
ग्लूकोमा (काला मोतिया) इलाज — आँख के दबाव (IOP) को नियंत्रित कर दृष्टि-हानि से बचाने के लिए एडवांस्ड सर्जरी
विट्रियो-रेटिनल सर्विस — पर्दा संबंधी जटिल बीमारियों का आधुनिक लेजर व सर्जिकल इलाज
भेंगापन करेक्शन — रिक्वट के लिए सुरक्षित, सटीक और आधुनिक सर्जिकल सुविधा
मोतियाबिंद का अत्याधुनिक ऑपरेशन — फेको एवं लेजर तकनीक द्वारा दर्द-रहित व टांका-रहित मोतियाबिंद सर्जरी
लो विजन एड — कम दृष्टि वाले मरिजों के लिए विशेष उपकरण एवं पुनर्वास सेवाएं
पीडियाट्रिक ऑप्थल्मोलॉजी — बच्चों की आँख की समस्त बीमारियों का इलाज एवं विशेषज्ञों द्वारा ऑपरेशन
ऑकुलोप्लास्टी व DCR सर्जरी — पलकों, ऑबिट और बंद आंसू की नली (DCR) के लिए प्लास्टिक व कॉस्मेटिक सर्जरी

शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण सुविधाएँ
डी.एन.बी. (DNB) कोर्स: नेत्र रोग विज्ञान में उच्च शिक्षा हेतु DNB कोर्स (4 सीटें उपलब्ध)।
कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री : मध्य प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ऑप्टोमेट्री कॉलेज।
फैलोशिप प्रोग्राम्स : नेत्र विशेषज्ञों के लिए लॉन्ग टर्म एवं शॉर्ट टर्म फैलोशिप प्रोग्राम।

हमारी मुख्य विशेषताएँ
देश व विदेश से प्रशिक्षित: अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्राप्त वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों की समर्पित टीम।
अंतर्राष्ट्रीय मानक : विश्वस्तरीय अत्याधुनिक मशीनें एवं संक्रमण-रहित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर।
सामाजिक सरोकार : जरूरतमंद एवं योग्य मरीजों के लिए नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन की विशेष सुविधा।

सेवा संकल्प डॉ.पवन स्थापक — जोतपुर, तिलवारा घाट, जबलपुर (म.प्र.) 482003, फोन नंबर 0761-2636400, 401, 402 मो. 9111091188 | ई-मेल: dvjei.jbp@gmail.com | वेबसाईट: https://www.dvjei.org

हरिभूमि स्थापना दिवस पर आप सभी को बहुत बहुत शुभकामनायें
राष्ट्रीय परिदृश्य पर सफलतम 19 वर्ष

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय नगर पालिका परिषद पसान जिला अनूपपुर, मध्य प्रदेश
श्री राम अवध सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष
श्री शशांक आर्मो, मुख्य नगर पालिका अधिकारी

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रभाकर राम त्रिपाठी
महाप्रबंधक, एसईसीएल, जमुना-कोतमा क्षेत्र, जिला अनूपपुर, मध्य प्रदेश।

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ (रजि.) भारत एवं समस्त ब्राम्हण संगठनों एवं विप्र बंधुओं की ओर से हरिभूमि के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.अरुण मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष (नियुक्ति समिति)
पंडित यदुवंश मिश्रा (संभागीय अध्यक्ष)
पं. दीपांशु शुक्ला (जिला प्रवक्ता)

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ
श्री अश्फाक अहमद सिद्दीकी
व्यवसायी एवं समाजसेवी, कोतमा, जिला अनूपपुर, मध्य प्रदेश।

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ
विजय शाह, मंत्री जनजातीय कार्य विभाग
नागर सिंह चौहान, मंत्री अनुसूचित जाति कल्याण
मृणाल मीना, कलेक्टर, छतरपुर
मनोज अहिरवार, जिला संयोजक, छतरपुर
संचालित योजनाएं - 1. प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना। 2. अनुसूचित जाति बस्ती विकास योजना। 3. अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना। 4. भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना। 5. अर्न्तजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना। 6. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना। 7. विद्यार्थियों को आवास सहायता योजना। 8. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति
जनजातीय कार्य विभाग, छतरपुर जिला-छतरपुर (म.प्र.)

MP BIRLA GROUP — MP BIRLA CEMENT सीमेंट से घर तक
नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ
98315 19191 | Expert Advice: 1800 123 1117

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजत भार्गव, अध्यक्ष
नयागांव को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी एवं समाजसेवी

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
अधारताल/गोहलपुर जबलपुर
डॉ. विजयकांत तिवारी, डायरेक्टर
श्रीमति सोनल तिवारी, प्राचार्या
गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास, अधारताल, मो: 0761-4020761, 9303580611
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर मो: 0761-4020761, 9303580611

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती उमा सोनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कोतमा, जिला अनूपपुर, मध्य प्रदेश।

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ
श्री बबलू जायसवाल
जिला उपाध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल, जिला अनूपपुर, मध्य प्रदेश।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक हरिभूमि जबलपुर संस्करण के सफलतम 19 वें वर्ष में प्रवेश नवरात्रि के पावन असवर पर कौरव सेवा समिति की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें
सौ. कौरव सेवा समिति गाडरवारा

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहित तिवारी, प्रबंधक, जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास ट्रस्ट जबलपुर
अतुल कुमार पटेल, सदस्य, श्री नर्मदा सकीर्तन परिक्रमा समिति जबलपुर

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
हरिभूमि स्थापना दिवस की 19वें वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं
श्याम पंजवानी (शहर कांग्रेस अध्यक्ष)

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ
गणेश सिंह, सांसद सतना

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि अपने अगले पायदान के लिये अग्रसर
इन्द्रमणि पाण्डेय, ब्यूरो चीफ, दै. हरिभूमि पन्ना

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर रजनीश सिंह जी, विधायक केवलारी विधानसभा

KJS CEMENT
घर-घर कंक्रीट मास्टर
KJS CEMENT (I) LIMITED, MAIHAR

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ
सिद्धार्थ कुशवाहा, विधायक सतना कांगेस

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. ढाल सिंह बिसेन जी, राज्यपाल उत्तराखंड

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
हरिभूमि स्थापना दिवस की 19वें वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती जुबेदा शाह
वैभवसिंह बिसेन, (अध्यक्ष जिला सरपंच संघ बालाघाट)
ग्राम पंचायत गर्रा, जप लालबर्रा

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
हरिभूमि स्थापना दिवस की 19वें वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं
हिना कावरे (पूर्व विधायक, विधानसभा क्षेत्र लांजी)

PRISM CEMENT दूर की सोच
प्रिज़्म चैम्पियन ऑल वेदर
हर मौसम में साथ
जलरोधक · ज्यादा मजबूत · सीलन को रोके · दरार रोधी · जंगरोधक · मेन्टेनेन्स से छुटकारा · घर की सुंदरता बनाये रखे
प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से हरिभूमि समाचार पत्र के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री कमल मर्सकोले जी, विधायक बरघाट विधानसभा

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री दिनेश राय मुनमुन जी, विधायक सिवनी विधानसभा

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर बधाई एवं शुभकामनाएँ
MOTUL

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
राजेंद्र शुक्ला, उप मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन
पहलाद पटेल, पंचायत मंत्री मध्यप्रदेश शासन
नागेंद्र सिंह, विधायक गुढ़ विधानसभा
रामसेवक पटेल, मुखिया सरपंच ग्राम पंचायत, जपनद पंचायत रीठी

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
राज साहू
जिला मीडिया प्रभारी
भारतीय जनता पार्टी डिण्डौरी















































खबर संक्षेप

रोल्स-रॉयस ने खोला नया लग्जरी शोरूम

चेन्नई। ब्रिटिश लग्जरी कार निर्माता रोल्स-रॉयस मोटर कार्स ने चेन्नई में अपना नया लग्जरी शोरूम शुरू किया है। 15 अक्टूबर 2026 को उद्घाटन के साथ कंपनी ने दक्षिण भारत में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रोल्स-रॉयस मोटर कार्स के सेल्स एंड ब्रांड डायरेक्टर जूलियन जेनकिंस ने कहा कि नया शोरूम कंपनी की भारत के प्रति प्रतिबद्धता और ग्राहकों को विशिष्ट लग्जरी अनुभव देने की सोच को दर्शाता है।

अब बिना सेटटॉप बॉक्स 500 लाइव टीवी चैनल

नई दिल्ली। अब सेटटॉप बॉक्स और डिश एंटीना की अनिवार्यता खत्म करने की दिशा में टाटा प्ले ने नया कदम उठाया है। कंपनी ने टाटा प्ले स्मार्ट ऐप पेश किया है, जिसके जरिए दर्शक इंटरनेट की मदद से 500 से अधिक लाइव टीवी चैनल देख सकेंगे। इसकी सदस्यता 199 रुपये प्रतिमाह से शुरू होगी। टाटा प्ले के प्रबंध निदेशक हरित नागपाल ने कहा कि स्मार्ट टीवी और घरेलू ब्रॉडबैंड के विस्तार से मनोरंजन देखने के तरीके बदल रहे हैं।

धनवेस्टर बनाएगा 2 लाख महिलाओं को साक्षर

कोलकाता। वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी धनवेस्टर उत्तर और पश्चिम भारत में अपनी पहुंच बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने अगले 12 से 18 महीनों में दो लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय साक्षरता से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुष्का सोहम बाथवाल के अनुसार इन कार्यक्रमों में स्कूली छात्राओं से लेकर पेशेवर महिलाओं और उद्यमियों तक को शामिल किया जाता है।

एमके रिसर्च और स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट की 'सब्सक्राइब' रेटिंग

जियो आईपीओ पर एनालिस्ट्स बुलिशः लिस्टिंग पर 15 से 20 फीसदी तक प्रीमियम की संभावना

एजेंसी ▶▶ मुंबई



जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित आईपीओ को लेकर बाजार विश्लेषकों का रुख सकारात्मक है। एनालिस्ट रिपोर्ट्स में कंपनी की लिस्टिंग पर 15 से 20 प्रतिशत तक प्रीमियम की संभावना जताई गई है। एमके रिसर्च और स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट ने आईपीओ को 'सब्सक्राइब' रेटिंग दी है। विश्लेषकों के मुताबिक, कंपनी की मजबूत बाजार स्थिति, डिजिटल सेवाओं में विस्तार और 5जी पर घटते पूंजीगत खर्च से भविष्य में नकदी प्रवाह बेहतर हो सकता है। हालांकि, वास्तविक लिस्टिंग प्रदर्शन बाजार की परिस्थितियों और निवेशकों की मांग पर निर्भर करेगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की कमाई के आधार पर ऊपरी प्राइस बैंड पर जियो का पी/ई अनुपात करीब 33.3 गुना है, जबकि भारती एयरटेल का 40.7 गुना है। इस आधार पर जियो का वैल्यूएशन एयरटेल से करीब 18 प्रतिशत कम है। एक अन्य आकलन में जियो का पी/ई 33.5 गुना और एयरटेल का 38.9 गुना बताया गया है। हालांकि, कंपनी की भविष्य की वृद्धि की कुछ संभावनाएं मौजूदा कीमत में पहले से शामिल हो सकती हैं।

5जी निवेश घटने से नकदी बढ़ने की उम्मीद

एमके रिसर्च के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच जियो का पूंजीगत खर्च राजस्व के 48.8 प्रतिशत से घटकर 23.3 प्रतिशत रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का फ्री कैश फ्लो करीब 32,500 करोड़ रुपए रहा। विश्लेषकों का मानना है कि 5जी नेटवर्क पर भारी निवेश का दौर काफी हद तक पूरा होने से कंपनी के पास भविष्य में अधिक नकदी उपलब्ध हो सकती है। मोबाइल कारोबार के अलावा होम ब्रॉडबैंड, एंटरप्राइज सेवाएं, क्लाउड कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को जियो के संभावित ग्रोथ ड्राइवर माना जा रहा है। एमके रिसर्च ने होम ब्रॉडबैंड और कंपनी की इन-हाउस टेक्नोलॉजी को भविष्य में विस्तार के महत्वपूर्ण अवसर बताया है। 15 अक्टूबर को जियो का प्राइस बैंड सामने आने के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब 3.4 प्रतिशत चढ़ा। जियो की स्वतंत्र लिस्टिंग से रिलायंस के डिजिटल कारोबार का मूल्यांकन स्पष्ट होने और शेयरधारकों के लिए वैल्यू अनलॉकिंग की संभावना है। हालांकि, लिस्टिंग प्रीमियम के अनुमान निश्चित रिटर्न की गारंटी नहीं हैं। निवेश से पहले आईपीओ की शर्तों, वैल्यूएशन और जोखिमों का आकलन जरूरी है।

राघवेंद्र सिंह ने संभाली मंडी बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक की कमान

बोले- पारदर्शिता पर रहेगा जोर, किसानों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए आधुनिक तकनीक का होगा प्रभावी उपयोग

अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली और योजनाओं की स्थिति जानी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड को नया नेतृत्व मिल गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने मंडी बोर्ड के आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने बोर्ड की कार्यप्रणाली, विभिन्न गतिविधियों और विभागीय योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों के साथ चर्चा कर अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में मंडी बोर्ड को आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद राघवेन्द्र सिंह ने विभागीय कामकाज को अधिक सुगम, प्रभावी और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सूचना प्रौद्योगिकी का महत्व लगातार बढ़ रहा है और मंडी बोर्ड को भी इसका प्रभावी उपयोग करते हुए अपनी कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाना होगा। उन्होंने विभागीय गतिविधियों में नई तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने और किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उनकी प्राथमिकताओं में विभागीय



कामकाज को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और योजनाओं के प्रभावी संचालन पर ध्यान देना शामिल है। नवागत आयुक्त-सह-प्रबंध संचालक ने पदभार संभालने के बाद मंडी बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर मंडी बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक अनुराग सक्सेना ने राघवेन्द्र सिंह का स्वागत किया। इस दौरान अपर संचालक अमन पस्तोर एवं संगीता ढोके, संयुक्त संचालक एस.के. कुमरे एवं नितिन कोल्हे, उप संचालक रश्मि कश्यप, अविनाश पाठे एवं सोना जायसवाल, मुख्य प्रोग्रामर संजीव अग्निहोत्री और सहायक संचालक योगेश नागले सहित अन्य उपस्थित रहे।

20 को करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट श्रेणी में जगह मिली

नफोर्ड की शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान के 38 शोधकर्ता शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर

अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और नीदरलैंड की अकादमिक प्रकाशन एवं सूचना विश्लेषण कंपनी एल्सेवियर की ओर से जारी वर्ष 2026 की दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी के 38 शोधकर्ताओं ने स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शोध उत्कृष्टता और वैज्ञानिक योगदान को दर्शाती है। यह सूची 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' और 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' दो श्रेणियों में तैयार की जाती है। विश्वविद्यालय के 35 शोधकर्ताओं को सिंगल-इयर इम्पैक्ट, जबकि 20 को करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट श्रेणी में जगह मिली है। पहली श्रेणी पिछले कैलेंडर वर्ष के शोध प्रभाव और उद्धरणों को दर्शाती है, जबकि दूसरी शोधकर्ताओं के दीर्घकालिक अकादमिक योगदान को रेखांकित करती है।

प्रमुख नामों में शामिल

सेंटर फॉर नैनो साइंसेज एंड नैनो टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. कुलमणि परिडा, बायो-फ्यूल्स बायो-प्रोसेसिंग रिसर्च सेंटर के निदेशक प्रो. लाला बिहारी शुक्ला, प्रो. हृदयनाथ थटोई, प्रो. संघमित्रा नायक, प्रो. गौतम रथ और प्रो. रवींद्रनाथ पाढ़ी शामिल हैं। आईटीईआर के चयनित शोधकर्ताओं में प्रो. आरएनपी चौधरी, प्रो. मनोहर मिश्र, प्रो. आचार्य, डॉ. लोपामुद्रा आचार्य, डॉ. सत्यव्रत सुबुद्धि, डॉ. शेखर चंद्र रे, डॉ. सुभाश्री चौधरी, डॉ. संतोष कुमार परिदा, डॉ. राहुल प्रियदर्शी, डॉ. सुसंगिनी नायक, डॉ. सुभाजीत पांडा, डॉ. सुलग्ना पटनायक, डॉ. दीप्ति प्रवा साहू, डॉ. देबब्रत प्रधान और डॉ. सुरेश कुमार पात्रा शामिल हैं।

'वी' का पहला प्रीपेड फैमिली प्लान पेश

ग्वालियर । दूरसंचार कंपनी वी ने भारत का पहला प्रीपेड फैमिली प्लान पेश किया है। इसके तहत ग्राहक देश में कहीं भी रहते हुए अपने परिवार के सदस्यों के साथ मोबाइल डेटा साझा कर सकेंगे। कंपनी की इस नई पहल का उद्देश्य प्रीपेड ग्राहकों को बेहतर कनेक्टिविटी और रिचार्ज पर बचत की सुविधा देना है। इस प्लान के तहत वी ऐप पर अधिकतम चार सदस्यों का फैमिली ग्रुप बनाया जा सकता है। इसमें एक प्राइमरी और तीन सेकेंडरी सदस्य शामिल होंगे। प्रत्येक सदस्य का अपना प्रीपेड प्लान और वैलिडिटी बरकरार रहेगी। फैमिली ग्रुप के प्रत्येक सदस्य को वी ऐप के माध्यम से किए गए हर रिचार्ज पर 10 प्रतिशत तक की गारंटीड छूट भी मिलेगी। वी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अवनीश खोसला ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को डेटा इस्तेमाल करने में अधिक स्वतंत्रता और सुविधा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उद्योग और लॉजिस्टिक्स हब विकसित करने पर जोर

पहले चरण में निवेश और रोजगार बढ़ाने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ज ब ल पु र – भो पा ल – इं दौ र इकोनॉमिक कॉरिडोर के पहले चरण में भोपाल और जबलपुर में बड़े उत्पादन केंद्र विकसित करने, निजी निवेश बढ़ाने और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर दिया जा रहा है। 'कमाल का भोपाल' अभियान के शोध और क्रेडाई के प्रस्तावों के अनुसार, दोनों शहरों में उद्योगों की स्थापना के साथ स्थानीय सप्लायरों को ऑर्डर और युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रस्तावित विकास मॉडल में भौंरी की नॉलेज एंड एआई सिटी 'इकाई', भेल की अप्रयुक्त औद्योगिक भूमि पर तकनीक आधारित गतिविधियां और लॉजिस्टिक्स हब को व्यापक आर्थिक रणनीति से जोड़ने की बात है। 'कमाल का भोपाल' अभियान की इनसेप्शन रिपोर्ट 30 जनवरी 2025 को अपर मुख्य सचिव और 1 फरवरी को मुख्य सचिव के सामने प्रस्तुत की गई थी। इसके बाद 6 फरवरी को तत्कालीन मुख्य सचिव ने अधिकारियों को क्रेडाई के साथ शहर की विकास रणनीति तैयार करने और अभियान को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। क्रेडाई अध्यक्ष मनोज सिंह मीक के अनुसार, अभियान के कई विषय मुख्य सचिव स्तर पर मॉनिटरिंग में हैं। 'इकाई', मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग और विकास योजना की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। भेल की अप्रयुक्त औद्योगिक भूमि के उपयोग और लॉजिस्टिक्स हब के प्रस्ताव भी प्रक्रियाधीन हैं। 24 जुलाई 2025 को क्रेडाई ने भेल भूमि पर एआई और नॉलेज इकोनॉमी विकसित करने का प्रस्ताव दिया था। भौंरी की 'इकाई' इससे अलग परियोजना है। भोपाल की हिस्सेदारी करीब 2 प्रतिशत और जबलपुर की 2.2 प्रतिशत रही। इस अवधि में इंदौर का निर्यात भोपाल से लगभग 15.6 गुना अधिक था।

पीएनबी ने कमाए 5,532 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक ने सितंबर 2026 में समाप्त दूसरी तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन किया है। बैंक का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 12.8 प्रतिशत बढ़कर 5,532 करोड़ रुपए हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 4,904 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। बैंक की शुद्ध ब्याज आय में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। यह सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत बढ़कर 11,601 करोड़ रुपये पहुंच गई। जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 10,469 करोड़ रुपये थी। शुद्ध ब्याज आय बैंक की ब्याज से होने वाली कमाई और ब्याज पर किए गए खर्च के बीच का अंतर होती है। पीएनबी के शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में भी सुधार हुआ। जून 2026 की तिमाही में 2.50 प्रतिशत रहा एनआईएम सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.58 प्रतिशत हो गया। इसमें पिछली तिमाही के मुकाबले 0.08 प्रतिशत अंक यानी आठ बेसिस पॉइंट की वृद्धि हुई।

जानकार बोले- यूरेनियम पाउडर के इस्तेमाल से क्वालिटी प्रभावित नहीं होती, बल्कि इसका वजन बढ़ जाता हैं

यूरेनियम पाउडर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

वजन बढ़ाने सोने में यूरेनियम की मिलावट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने की कीमतें ऊंचे स्तर पर होने के बीच आभूषणों की शुद्धता को लेकर एक नई चिंता सामने आई है। सोने में पाउडर की जगह अब एक यूरेनियम का इस्तेमाल होने लगा है। इसे मशीनें भी नहीं पकड़ पा रही हैं। यह यूरेनियम पाउडार स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

सोने में यूरेनियम जैसी भारी धातु मिलाकर वजन बढ़ाने और ग्राहकों को शुद्ध सोने के दाम पर मिलावटी आभूषण बेचने के दावों ने सर्राफा बाजार में सवाल खड़े किए हैं। ज्वेलरी व्यवसाय से जुड़े सराफा कारोबारियों द्वारा दावा है कि मौजूदा समय में सोने में यूरेनियम की मिलावट वाले आभूषणों की बिक्री की जा रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक स्थानीय सराफा व्यापारी ने बताया कि यूरेनियम पाउडर के इस्तेमाल से आभूषण की क्वालिटी प्रभावित नहीं होती, बल्कि



इसका वजन बढ़ जाता है। मल्टी ब्रांड कंपनियां और कुछ बड़े ज्वेलर्स इस प्रकार के रेडियम पाउडर मिलावटी आभूषणों की बिक्री का ग्राहकों से मुनाफावसूली कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यूरेनियम एक दुर्लभ धातु है, जिसका घनत्व करीब 21.02 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर बताया जाता है। वहीं, शुद्ध सोने का घनत्व लगभग 19.3 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर होता है। दोनों धातुओं के घनत्व में अपेक्षाकृत कम अंतर होने के कारण केवल वजन या आकार देखकर ऐसी मिलावट की पहचान करना मुश्किल हो सकता है।

सोशल मीडिया पर जागरुकता पोस्टर ने बढ़ाई आशंका

सोशल मीडिया पर प्रसारित जागरुकता पोस्टर में सोने में यूरेनियम पाउडर मिलाकर वजन बढ़ाने की आशंका जताई गई है। दावा है कि इस तरह ग्राहक को शुद्ध सोने के पूरे दाम चुकाने के बाद भी अपेक्षित शुद्धता नहीं मिल सकती। प्रसारित पोस्टर में दावा किया गया है कि सोने में 3 से 5 प्रतिशत तक यूरेनियम मिलाकर धोखाधड़ी की जा सकती है।

ग्राहकों को सावधानियां बरतनी जरूरी

- भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) का हॉलमार्क और छह अंकों का एचयूआईडी पहचान कोड जांचें।
- बिल में सोने की शुद्धता, वजन, प्रति ग्राम दर, मेकिंग चार्ज और अन्य शुल्क का विवरण होना चाहिए।
- विक्रेता की साख और बिल देने की प्रक्रिया की जांच करें।
- ▶▶ आभूषण की शुद्धता को लेकर संदेह हो तो मान्यता प्राप्त जांच केंद्र से परीक्षण कराएं।
- ▶▶ अधिक वजन या सामान्य दिखावट को शुद्धता का प्रमाण न मानें।

राशिफल

मेष — मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृष — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

मिथुन — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

सिंह — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

कन्या — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

तुला — किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।

धनु — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

मकर — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

कुंभ — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की

महिंद्रा फाइनेंस का शुभ उत्सव अभियान लांच

मुंबई। महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने त्योहारी सीजन को देखते हुए 'शुभ उत्सव 2026 त्योहार तरक्की का' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। दो महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत ग्राहकों को विभिन्न ऋण श्रेणियों में आकर्षक ऑफर दिए जाएंगे। चुनिंदा कार और ट्रैक्टर लोन पर 100 % प्रोसेसिंग फीस की छूट, बिना ब्याज वाहन ऋण के लाभ और सोने के सिक्के का अवसर शामिल है। महिंद्रा फाइनेंस के अनुसार, 'शुभ उत्सव 2026' के तहत चुनिंदा कार ऋण और ट्रैक्टर ऋण लेने वाले ग्राहकों को ऋण प्रसंस्करण शुल्क में 100फीसदी की छूट मिलेगी।

2026 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में

भुवनेश्वर। अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और डच एकेडमिक पब्लिशिंग व इंफॉर्मेशन एनालिटिक्स कंपनी 'एल्सेवियर' (एल्सेवियर) द्वारा तैयार की गई 2026 के लिए दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (शिक्षा 'ओ' अनुसंधान) के 38 शोधकर्ताओं ने जगह बनाई है।स्टैनफोर्ड की शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की यह सूची दो श्रेणियों में शोधकर्ताओं पर केंद्रित है - 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' (पूरे करियर का प्रभाव) और 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' (हाल के एक वर्ष का प्रभाव)। शिक्षा ओ अनुसंधान से चुने गए 38 शोधकर्ताओं में से 35 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' सूची में हैं, जबकि 20 'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' सूची में शामिल हैं। जहाँ 'सिंगल-इयर इम्पैक्ट' सूची पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान साइटेशन (उद्धरण) प्रभाव को मापती है, वहीं 'करियर-लॉन्ग' सूची जीवन भर या लंबे समय तक रहे विद्वतापूर्ण प्रभाव को दर्शाती है।शिक्षा 'ओ' अनुसंधान की इस सूची में इंजीनियरिंग के विभिन्न विषयों से 27 शोधकर्ता शामिल हैं, जो यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संकाय - 'इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च आईटीईआर) - और इससे जुड़े शोध संस्थानों में काम करते हैं।इसके अलावा, 8 शोधकर्ता यूनिवर्सिटी के फार्मास्युटिकल साइंसेज और बायोटेक्नोलॉजी संकाय - 'स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज' से हैं। साथ ही, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान के मेडिकल साइंसेज संकाय - 'इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड एसयूएम हॉस्पिटल' - से 2 शोधकर्ता, और एग्रीकल्चरल साइंसेज संकाय - 'इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज' - से 1 शोधकर्ता को इस प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है।'करियर-लॉन्ग इम्पैक्ट' सूची में शामिल शोधकर्ताओं में जाने-माने न्यूरोसर्जन और शिक्षा 'ओ' अनुसंधान के प्रधान सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार महापात्रा, तथा 'मल्टी-डिसिप्लिनरी रिसर्च सेल' के पूर्व निदेशक स्वर्गीय प्रो. प्रदीप्त कुमार डैश शामिल हैं। ये दोनों ही पहले यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस सूची में सेंटर फॉर नैनो साइंसेज एंड नैनो टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. कुलमणि परिडा, बायो-फ्यूल्स बायो-प्रोसेसिंग रिसर्च सेंटर के निदेशक प्रो. लाला बिहारी शुक्ला, सेंटर फॉर इंडस्ट्रियल बायो-टेक्नोलॉजी रिसर्च के निदेशक प्रो. हृदयनाथ थटोई, सेंटर फॉर बायो-टेक्नोलॉजी की प्रमुख प्रो. संघमित्रा नायक, फार्मास्यूटिक्स के प्रोफेसर प्रो. गौतम रथ और इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड एसयूएम हॉस्पिटल की सेंट्रल रिसर्च लेबोरेटरी के प्रोफेसर प्रो. रवींद्रनाथ पाढ़ी भी शामिल हैं।



शिक्षा 'ओ' अनुसंधान के 38 शोधकर्ता शामिल

शब्द पहेली - 6380



बाएँ से दाए-

1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4

ऊपर से नीचे

2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

शब्द पहेली -6379 का हल

क	ल	ह	■	म	■	प	र	दा	न	शी
पू	■	क	ल	श	■	छ	बी	ल	■	त
त	ल	■	■	व	■	ता	■	■	सा	ल
■	ल	■	धा	रा	प्र	बा	ह	■	व	■
म	क	ब	रा	■	था	■	म	हा	न	ता
■	■	■	बा	दा	■	मा	स	■	■	■
ह	म	रा	ही	■	पा	■	फ	र	मा	न
■	यू	■	क	हा	नी	का	र	■	य	■
ख	र	■	■	थी	■	र	■	■	का	न
प	■	ब	र	खा	■	ना	र	द	■	य
त	र	स	खा	ना	■	मा	■	म	न	न

सूडोकु नवताल - 6390

मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

MANGAL SEVACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6389 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

अंतिम टी20 : भारत-कैरेबियाई टीम में कांटे की टक्कर आज

पांच मैचों की सीरीज अभी 2-2 से बराबरी पर
सीरीज जीतने बल्लेबाजों को दिखाना होगा दमखम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक पांचवें टी20 मैच के साथ श्रृंखला जीतने के लिए भारत को अपनी बल्लेबाजी की कमियों से पार पाते हुए बेहतर प्रदर्शन करना होगा चूंकि कैरेबियाई टीम ने अब तक मेजबान को कांटे की टक्कर दी है। श्रृंखला अभी 2-2 से बराबरी पर है। भारत के लिए समस्या शीर्ष क्रम से शुरू होती है। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अभी तक तीन अर्धशतक जमाए हैं लेकिन सलामी जोड़ी के रूप में उनका योगदान 29, 42, 7 और 60 रहा है।

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं

श्रेयस की कप्तानी को खतरा नहीं है लेकिन अनुभवी और आक्रामक विरोधी टीम के सामने उनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल जरूर उठ सकते हैं। तीसरे नंबर पर ईशान ने 43, 37 और छह रन बनाए हैं। वहीं धीर की पारियां 4, 10 और 0 की रही है। तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी भी हैदराबाद में 12-1 से 14-4 ओवर के बीच कोई चौका नहीं लगा सके और 248 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम नाकाम रही।

बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच

चिन्नास्वामी स्टेडियम की सपाट पिच बल्लेबाजों की ऐशगाह मानी जाती है। इस मैदान पर हालांकि अक्टूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली गई है। कुछ आईपीएल मैचों के अलावा यहां बड़े मैच भी नहीं खेले गए। ऐसे में भारत स्पिनर कुलदीप यादव को फिर टीम में ला सकता है।



कुलदीप की टीम में वापसी

तीसरे और चौथे मैच में बाहर रहे कुलदीप का अनुभव टीम के लिए कारगर साबित हो सकता है। वहीं पिछले मैच में कंधे की चोट का शिकार हुए अर्शदीप सिंह की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की टीम में वापसी हुई है। प्रिंस यादव, मयंक यादव, धीर और रेड्डी कैरेबियाई बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके हैं । लिहाजा ऐसे में भुवनेश्वर का अनुभव काफी कारगर साबित होगा।

शानदार फार्म में होप और रदरफोर्ड

वेस्टइंडीज के लिए कप्तान शाई होप और शेरफान रदरफोर्ड 261 और 221 रन बना चुके हैं और श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शीर्ष दो स्थानों पर हैं। भारत को इन दोनों को जल्दी आउट करना होगा जैसा इंदौर में तीसरे टी20 के दौरान किया था।
मैच का समय : शाम 7:00 बजे

वुहान ओपन : कर्तल ने किया उलटफेर
स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

एजेंसी ▶▶| वुहान

ब्रिटेन की सोने कर्तल ने वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर 6 एलिना स्वितोलिना के खिलाफ 6-2, 2-6, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बड़े उलटफेर के साथ कर्तल पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। 2 घंटे और 3 मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में, कर्तल ने पहला सेट आसानी से जीता था, लेकिन दूसरा सेट हार गईं। इसके बाद तीसरे सेट में उन्होंने बढ़त बनाई और जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। सेमीफाइनल में अब कर्तल का सामना ओस्टापेंको से होगा। सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।



चोट के कारण खेल से दूर रहीं कर्तल

सोने कर्तल पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रही थीं। यह उनका तीसरा टूर्नामेंट है, जिसमें उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। साल 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट शुरू होने के बाद से, जोहाना कोंटा के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने वाली वह दूसरी ब्रिटिश खिलाड़ी बन गई हैं।

एशियन स्विंग में सोने का बेहतरीन प्रदर्शन

इससे पहले 44वें नंबर पर रहीं कर्तल ने पिछले हफ्ते चाइना ओपन में तीसरे राउंड तक जगह बनाई थी। उन्होंने वुहान में एशियन स्विंग के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया। पहले राउंड में उन्होंने वर्ल्ड नंबर 48 खिलाड़ी एंहेलिना कलिनिना को हराया और फिर 'राउंड ऑफ 32' में 12वें नंबर की बेलिंडा बेनसिच को मात दी। इसके बाद, उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में पूर्व फ्रेंच ओपन और विंबलडन फाइनलिस्ट जैस्मीन पाओलिनी को हराया। इस ब्रिटिश खिलाड़ी ने चार बार की ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट स्वितोलिना को भी हरा दिया। दोनों के बीच अब तक हुए तीन मुकाबलों में यह उनकी पहली जीत है।

स्वितोलिना एक बेहतरीन फाइटर : सोने कर्तल

सोने कर्तल ने कहा, पहला सेट आसानी से जीतने के बावजूद, मुझे पता था कि स्वितोलिना एक बेहतरीन फाइटर हैं। इसलिए मुझे पता था कि जब तक आखिरी प्वाइंट नहीं खेला जाता, तब तक मैं सुरक्षित नहीं हूं। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने इस मैच में कितना दृढ़ संकल्प दिखाया। मुझे लगता है कि पूरे मैच के दौरान मैंने बहुत संयम बनाए रखा। इस हफ्ते मैं एक नया मुकाम हासिल कर रही हूं। मैं पहले कभी डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची थी।

जेलेना की सेमीफाइनल में एंट्री

जेलेना ओस्टापेंको ने डोंगफेंग वोया सेंटर कोर्ट में वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में डायना श्नाइडर को 7-6 (6), 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। ओस्टापेंको को एक्शन से भरे पहले सेट में दो सेट पॉइंट बचाने पड़े और दूसरे सेट में 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर एक घंटे 37 मिनट में जीत दर्ज करने से पहले ब्रेक डाउन से उबरना पड़ा। दोहा में आखिरी चार में पहुंचने के बाद, यह 2026 में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में उनका दूसरा सेमीफाइनल है। 2017 के बाद वुहान में यह उनका दूसरा सेमीफाइनल भी है। लातविया की गैरवरीयता प्राप्त स्टार पहले सेट में 2-5 से पीछे थीं, क्योंकि उन्होंने एक महत्वपूर्ण छठे गेम में अपनी सर्व गंवा दी थी। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए स्कोर 3-5 किया, लेकिन उन्हें श्नाइडर की सर्विस तोड़नी पड़ी।



अंडर-23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप : अमृता फाइनल में, कोमल ने जीता कांस्य पदक



एजेंसी ▶▶| लास वेगास

अमृता पुजारी ने अंडर 23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिलाओं के 72 किलो फाइनल में प्रवेश कर लिया। अमृता ने कजाखस्तान की साबिरजानोवा को 7-1 से हराने के बाद सेमीफाइनल में चीन की वेंजिन कियू को 10-8 से मात दी। महाराष्ट्र के सोलापुर की अमृता का सामना अब यूक्रेन की इरिना जाब्लोत्स्का से होगा। कोमल ने महिलाओं के 59 किलो वर्ग में कजाखस्तान की विक्टोरिया को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। इससे पहले वह सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना फिलिपोविच से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गई थी। उन्होंने कनाडा की एला फाइंडिंग को हराया था।

हाफ मैराथन के मार्ग में बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय निर्वाचन आयोग के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच रविवार को आयोजित होने वाली वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के आयोजकों ने दौड़ के मार्ग में मामूली बदलाव की घोषणा की है, जिसके तहत धावक रेल भवन, संसद मार्ग और पटेल चौक से होकर नहीं गुजरेंगे। प्रदर्शन के कारण इन तीनों स्थानों के आसपास पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर रखी है। ये स्थान पिछले वर्षों में हाफ मैराथन के पारंपरिक मार्ग का हिस्सा रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए आयोजकों ने दौड़ के मार्ग में संशोधन किया है। आयोजकों ने कहा कि 'इस वर्ष हाफ मैराथन के 10 से 13 किलोमीटर के बीच के मार्ग में मामूली बदलाव किया गया है।' उन्होंने बताया, ' धावक कर्तव्य पथ से बाईं ओर मुड़कर सेवा तीर्थ गोलचक्कर की ओर जाएंगे। इसके बाद वे मौलाना आजाद रोड पर बाईं ओर मुड़ेंगे।

भुवनेश्वर को 4 साल बाद टी20 टीम में मौका

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को शुक्रवार को कंधे में चोट से जूझ रहे अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया।



2022 को नेपियर में खेले थे आखिरी अंतरराष्ट्रीय टी-20

भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का मंच तैयार हो गया है। उत्तर प्रदेश के इस तेज गेंदबाज का वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां होने वाले निर्णायक मुकाबले में खेलना लगभग तय माना जा रहा है। भुवनेश्वर ने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 22 नवंबर 2022 को नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। यह संयोग ही है कि भुवनेश्वर की वापसी उसी मैदान पर होगी, जहां उन्होंने 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 5 मैच की यह श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर है। श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।















बैंक ऑफ महाराष्ट्र
जबलपुर अंचल कार्यालय: राईट टाउन, जबलपुर– 482001, फोन: 0761-2480065
ई–मेल: cmmarc_jab@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को (धारा 13(2)) के अन्तर्गत मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)

बैंक ऑफ महाराष्ट्र - शाखा मण्डला के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन/साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये ।

खाते / उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि	बंधक संपत्ति का विवरण
उधारकर्ता - 1.श्री बादल मालवानी ग्राम बिंझिया, राजुल होंडा के सामने, मंडला, जिला मंडला एमपी 481661 2. श्री रोहित मालवानी ग्राम बिंझिया, राजुल होंडा के सामने, मंडला, जिला मंडला एमपी 481661 3. श्री हिमांशू मालवानी ग्राम बिंझिया, राजुल होंडा के सामने, मंडला, जिला मंडला एमपी 481661 4. मैसर्स मालवानी ब्रदर्स प्रो. श्री बादल मालवानी रेड क्रॉस भवन, दुकान नं. 09, मंडला, 481661 5. मेसर्स मालवानी ब्रदर्स के मालिक श्री बादल मालवानी ग्राम बिंझिया, राजुल होंडा के सामने, मंडला, जिला मंडला एमपी 481661 6. मेसर्स मालवानी ब्रदर्स के मालिक श्री बादल मालवानी सीसी के लिए गारंटर: 60374956439 ग्राम बिंझिया, राजुल होंडा के सामने, मंडला, जिला मंडला एमपी 481661 7. श्री रोहित मालवानी सीसी के लिए गारंटर: 60374956439 ग्राम बिंझिया, राजुल होंडा के सामने, मंडला, जिला मंडला एमपी 481661 8. श्री हिमांशू मालवानी सीसी के लिए गारंटर: 60374956439 ग्राम बिंझिया, राजुल होंडा के सामने, मंडला, जिला मंडला एमपी 481661 शाखा - मंडला	08.09.2026 Rs. 75,85,313/- + Interest & Other Charges from 08.09.2026	1. ग्राम बिंझिया, मंडला, MP 481661 में स्थित मकान, खसरा नंबर 85/6Ka/1Ga NB 102, PH नंबर 28/57। कुल प्लॉट एरिया 1750 वर्ग फुट; ग्राउंड फ्लोर (GF) - 1100 वर्ग फुट, फर्स्ट फ्लोर (FF) - 1100 वर्ग फुट, सेकंड फ्लोर (SF) - 1100 वर्ग फुट। सीमाएं: उत्तर: सड़क, पूर्व: श्री महेंद्र दुबे की संपत्ति, पश्चिम: स्वर्णलता की संपत्ति, दक्षिण: श्री कमल सिंगौर का मकान। संपत्ति के मालिक: श्री बादल मलवानी, श्री रोहित मलवानी, श्री हिमांशु मलवानी। CERSAI एसेट ID: 200069591651 एसेट ID: 200079164104 एसेट ID: 200054267910

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत मांग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं । अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।

इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं । विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें । उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

दिनांक : 17/10/2026
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

जबलपुर। खमरिया थाना अतंर्गत मेन रोड उमरिया पेट्रोलपंप के पास खमरिया में सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम केवलारी थाना कुंडम निवासी 31 वर्षीय नरेंद्र कुमार बर्मन का गत रात लगभग 8 बजे मेन रोड उमरिया पेट्रोलपंप के पास खमरिया में सड़क दुर्घटना होने पर साथी कृष्णा यादव द्वारा रात लगभग 10.45 बजे मोहनलाल हरगोविन्ददास अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान शुक्रवार की सुबह लगभग 4.55 बजे नरेन्द्र कुमार बर्मन की मौत हो गई। पुलिस पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।

हरिभूमि
हरिभूमि स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री Janki Raman Hospital
Critical Care Centre
JR HOSPITAL
24/7


Opp. Supatal Talab, Bedi Nagar
Jabalpur -Ph: 0761-3583689

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर
बधाई एवं शुभकामनाएँ

श्री भगवती प्रसाद पाण्डे
जिला अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी

हरिभूमि की स्थापना दिवस पर
बधाई एवं शुभकामनाएँ

योगेश ताम्रकार
महापौर सतना

Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment


14 वर्षों से वही गुणवत्ता
महंगाई बढ़ती रही,
डा. ऑर्थो की कीमत थमी रही
2012
पुराना मूल्य
₹295/- (120ml)
2026
नया मूल्य
₹299/- (120ml)


पिछले 14 सालों में सिर्फ
₹4 की मूल्य वृद्धि
जुलाई 2026 (Batch No.1154)
से नया मूल्य ₹299/-
Dr. Ortho Oil (120ml)
Ayurvedic & Natural
Clinically Tested*
Completely Safe
घुटने दर्द, कंधे दर्द,
गर्दन दर्द, कमर दर्द, कोहनी दर्द
एवं कलाई दर्द में सहायक
आयुर्वेदिक औषधि
24x7 Helpline: 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

HONDA
The Honda Joy Fest
इस त्यौहार, घर आये होंडा - घर आये खुशी
कैशबैक ₹10000# तक | न्यूनतम ROI @5.99%* | लोन 100%* तक | लोन अवधि 60* महीने | नो हायपोथिकेशन*


IDFC FIRST Bank CREDIT CARDS | pine labs
अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें
डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें
Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in
Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR: Sahil Honda - 7771003865; Aanmol Honda - 9329161632; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; Aanmol Honda - 7566858687; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **CHHATARPUR:** Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **MANDLA:** Rajul Honda - 9644544611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SATNA:** Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; **REWA:** Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Maugan)j - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Maugan)j - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **PANNA:** Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Keshar Honda - 9111603390; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No. : MPHIN/2008/24240

- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में सुबह से धरना, भूखे-प्यासे बैठे रहे छात्र
- रात 7 बजे के बाद पहुंचे कुलगुरु, रोती नजर आईं छात्राएं

पहले पास, फिर फेल! परिणाम बदलने पर भड़के मंडला के छात्र

हरिभूमि, जबलपुर।

पहले उत्तीर्ण घोषित किया, फिर परीक्षा परिणाम बदलकर अनुत्तीर्ण कर दिया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम में कथित बदलाव का यह मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मंडला पीजी कॉलेज के एमए, एमकॉम और एमएससी प्रथम वर्ष के आदिवासी छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर मंडला से जबलपुर पहुंचे विद्यार्थी सुबह से ही विश्वविद्यालय परिसर में बैठे रहे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। नाराज छात्र-छात्राएं पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और परिणाम में बदलाव का कारण स्पष्ट करने की मांग पर अड़े रहे।



सुबह से इंतजार, रात में हुई मुलाकात

छात्रों का आरोप है कि परीक्षा परिणाम में पहले उन्हें पास बताया गया था, लेकिन बाद में परिणाम बदलकर फेल कर दिया गया। इस कथित बदलाव ने विद्यार्थियों के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अपनी समस्या लेकर पहुंचे छात्र सुबह से ही कुलगुरु डॉ. राजेश वर्मा से मुलाकात की मांग करते रहे। विद्यार्थियों का कहना था कि वे घंटों तक भूखे-प्यासे धरने पर बैठे रहे, लेकिन विश्वविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्या सुनने नहीं पहुंचे। देर शाम तक इंतजार के बाद रात करीब 7 बजे कुलगुरु धरनास्थल पर पहुंचे और छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान अपनी परेशानी बताते हुए कुछ छात्राएं भावुक होकर रोती हुई भी नजर आईं।

आदिवासी विद्यार्थियों के परिणाम पर उठे सवाल

मंडला पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में कथित बदलाव को गंभीर मामला बताते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से जवाब मांगा है। छात्रों की मांग है कि पहले और संशोधित परीक्षा परिणाम का मिलान कराया जाए, परिणाम में बदलाव की वजह सार्वजनिक की जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि उन्हें पहले उत्तीर्ण घोषित किया गया था, तो बाद में अनुत्तीर्ण करने के पीछे क्या कारण रहा, विश्वविद्यालय को इसका स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

अब विश्वविद्यालय के जवाब पर नजर

मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन का पक्ष सामने आने और परीक्षा नियंत्रक की प्रतिक्रिया के बाद ही परिणाम में कथित बदलाव की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल विद्यार्थियों के आरोपों ने परीक्षा परिणाम जारी करने की प्रक्रिया और उसमें संशोधन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जांच कराई जाएगी, छात्रों के परिणाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है

विवि प्रबंधन ने पहले परीक्षा परिणाम घोषित किया था ये विवि की त्रुटि है इसकी जाँच कराई जाएगी.छात्रों के परिणाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

राजेश वर्मा, कुलगुरु रा. दु. विवि जबलपुर

तीन माह में निर्णय लेने के निर्देश

रिटायर्ड पंचायत सचिवों की पुरानी पेंशन का रास्ता खुला

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने डिंडोरी जिले के सेवानिवृत्त पंचायत सचिवों की पुरानी पेंशन और नियमितीकरण के पूर्व की सेवा को पेंशन के लिए अर्हकारी मानने संबंधी याचिका का निराकरण कर दिया। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ताओं को 15 दिन के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ नए सिरे से अभ्यावेदन प्रस्तुत करने तथा सक्षम प्राधिकारी को उस पर तीन माह के भीतर नियमानुसार निर्णय लेने कहा है।

मामले में डिंडोरी जिले के गीत सिंह पारासर एवं अन्य ने याचिका दायर कर नियमितीकरण के पूर्व की अपनी सेवा को सेवानिवृत्ति एवं पेंशन लाभ के लिए अर्हकारी सेवा में शामिल करने तथा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ देने की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता विष्णु देव सिंह चौहान ने पैरवी की। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता सुमित रघुवंशी उपस्थित हुए। याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक प्रकरण में आठ सितंबर 2026 को पारित आदेश का हवाला दिया गया। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से बताया गया कि सक्षम प्राधिकारी अभ्यावेदन का विधि के अनुसार परीक्षण करेगा और उसके परिणाम से याचिकाकर्ताओं को अवगत कराया जाएगा। हाई कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता संबंधित सुप्रीम कोर्ट के आदेश और भरोसा किए गए दस्तावेजों के साथ सक्षम प्राधिकारी के समक्ष नया अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। यदि अभ्यावेदन 15 दिन के भीतर प्रस्तुत किया जाता है, तो सक्षम प्राधिकारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में तीन माह के भीतर वस्तुनिष्ठ परीक्षण कर कारणयुक्त आदेश पारित करना होगा। यदि याचिकाकर्ता पात्र पाए जाते हैं, तो उन्हें नियमानुसार लाभ दिया जाए।



मुख्यमंत्री की घोषणा पर हो रही कार्रवाई स्थगित

छिंदवाड़ा के निलंबित सीएमएचओ डा. नरेश गुन्नाड़े को राहत

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने छिंदवाड़ा के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डा. नरेश गुन्नाड़े को अंतरिम राहत दी है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने उनके निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए अगली सुनवाई तक सीएमएचओ के पद पर कार्य करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने राज्य शासन सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।द डा. गुन्नाड़े ने याचिका के माध्यम से आठ अगस्त 2026 को जारी निलंबन आदेश को चुनौती दी थी। अपने आदेश में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि निलंबन आदेश अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा और याचिकाकर्ता सीएमएचओ छिंदवाड़ा के रूप में कार्य कर सकेंगे। दरअसल, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सात अगस्त को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान जन विश्वास अभियान के तहत शिकायतों की समीक्षा की थी। प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत पर सीमएमएचओ को निलंबित करने की घोषणा की गई थी। इसके अगले दिन स्वास्थ्य आयुक्त ने निलंबन आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता की ओर से निलंबन की वैधानिकता पर सवाल उठाए गए। हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मामले को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। फिलहाल हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के तहत डा. गुन्नाड़े को सीएमएचओ छिंदवाड़ा के पद पर कार्य करने की अनुमति मिल गई है।

चार सप्ताह में जवाब तलब, शादी का वादा कर शारीरिक शोषण के आरोपों से जुड़े मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश

कर्मचारी नेता अर्नब दासगुप्ता के विरुद्ध एफआइआर पर हाईकोर्ट की रोक

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर निवासी कर्मचारी नेता अर्नब दासगुप्ता के विरुद्ध दर्ज एफआइआर के मामले में अंतरिम राहत देते हुए आगे की कार्रवाई पर रोक लगाने तथा यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब प्रस्तुत करने को कहा है। मामले के अनुसार, कुछ माह पूर्व एक महिला ने अर्नब दासगुप्ता पर शादी का वादा कर शारीरिक शोषण करने के आरोप लगाए थे। अर्नब दासगुप्ता की ओर से इन आरोपों को चुनौती देते हुए कहा गया कि शिकायत में घटना की जो तारीख बताई गई है, उस दिन वे शहर में मौजूद ही नहीं थे। इसी आधार पर उन्हें पूर्व में न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। अर्नब दासगुप्ता की ओर से आरोपों को निराधार बताया गया। बचाव पक्ष का कहना है कि शिकायत दुर्भावना से प्रेरित है। याचिका के अनुसार, खमरिया स्थित क्यू-टाइप क्षेत्र के कालीबाड़ी मंदिर में कथित विवाद के बाद महिला के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई थी और मानहानि का दावा भी किया गया था। बचाव पक्ष का आरोप है कि इसी पृष्ठभूमि में अर्नब दासगुप्ता के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के रूप में एफआइआर दर्ज कराई गई। हाई कोर्ट ने मामले में नोटिस जारी कर संबंधित पक्ष से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

नागरिकों से अपील की गई है कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध ऐप डाउनलोड न करें और ओटीपी व बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें

साइबर ठगी : युवती समेत तीन लोगों से 1.92 लाख की धोखाधड़ी

जबलपुर। शहर के गोरखपुर और रांझी थाना क्षेत्रों में साइबर ठगी के तीन मामले सामने आए हैं। अज्ञात आरोपियों ने तीन लोगों से कुल 1 लाख 92 हजार 680 रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गोरखपुर थाना पुलिस के अनुसार, इंद्रानगर गली नंबर-1 निवासी 31 वर्षीय ज्ञानेन्द्र पटेल के एसबीआई खाते से 45 हजार रुपये निकाल लिए गए। ज्ञानेन्द्र आईटी पार्क में निजी नौकरी करते हैं। वहीं, पुलिस लाइन निवासी 23 वर्षीय हेमलता धुर्वे, जो नर्सिंग की पढ़ाई कर रही हैं, से ऑनलाइन ऑर्डर कैंसिल कराने के नाम पर सात बार में 80 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोपियों ने अमेजन से जुड़ा होने का झांसा देकर उनसे भुगतान कराया। इस मामले में उनकी एसबीआई महानद्दा शाखा और उनकी मां के पीएनबी खाते से रकम का भुगतान किया गया। इधर, रांझी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी 37 वर्षीय सौरभ सोनी के मोबाइल पर 12 अक्टूबर को एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर एक्सिस बैंक का ऐप डाउनलोड करने को कहा। ऐप डाउनलोड करने के बाद उनका मोबाइल हैक हो गया और खाते से अलग-अलग किस्तों में 67 हजार 680 रुपये निकल गए। पुलिस ने तीनों मामलों में जांच शुरू कर दी है। नागरिकों से अपील की गई है कि अनजान लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध ऐप डाउनलोड न करें और ओटीपी व बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल बैंक को सूचित कर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।



अधिवक्ता खेल महाकुंभ के लिए ऑनलाइन पंजीयन, खेलवार प्रभारी नियुक्त

जबलपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के स्थापना दिवस और इंग्लिश चैनल पार करने वाले अर्जुन पुरस्कार प्राप्त अधिवक्ता स्व. मिहिर सेन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले अधिवक्ता खेल महाकुंभ की तैयारियों को लेकर होटल अरिहंत पैलेस में बैठक हुई। मध्यप्रदेश अधिवक्ता क्रीड़ा परिषद द्वारा आयोजित इस वार्षिक प्रतियोगिता में अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की जाएगी।

परिषद के संस्थापक अधिवक्ता डॉ. प्रशांत मिश्रा ने बताया कि विभिन्न खेलों के लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। एथलेटिक्स की जिम्मेदारी निधीश पांडे, शतरंज की बृजभूषण दुबे, विकास नाथन और थॉमस एंथोनी, वॉलीबॉल की जी.एल. चंदेल और नितिन पटेल, बैडमिंटन की रामप्रकाश शिवहरे, टेबल टेनिस की देवेश जैन तथा बेंच प्रेस की जिम्मेदारी क्षितिज भाटिया को सौंपी गई है। महिला वर्ग के लिए नीलम गोयल और शगुफ्ता रहमान, तकनीकी कार्यों के लिए आर.एस. मेहरौलिया और जफर सिराज तथा सामाजिक माध्यमों के प्रचार-प्रसार के लिए शिवम कश्यप और महेंद्र प्रताप सिंह सेंगर को प्रभारी बनाया गया है। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव शैलेन्द्र सिंह ठाकुर और खेल विभाग से दीना ठाकुर उपस्थित रहे।

महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार

जबलपुर। पनागर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान गत शाम ग्राम परियट में गांजा कारोबार में लिप्त एक महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से 87 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है।पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका विद्या भारती स्कूल के आगे ग्राम परियट निवासी 47 वर्षीय सुषमा कुशवाहा अपने घर के सामने पन्नी में गांजा लेकर खड़ी थी तभी गत शाम पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को देखकर भागने लगी, संदेह होने पर महिला पुलिस स्टाफद्वारा घेराबंदी कर सुषमा को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने महिला के पास से 87 ग्राम गांजा जब्त करते हुये आरोपिया के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी औद्योगिक विकास को गति देने की जानकारी, 10 हजार एकड़ में विकसित होंगे औद्योगिक क्षेत्र

जबलपुर में एक लाख करोड़ का निवेश, एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर

जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जबलपुर-भोपाल-इंदौर आर्थिक गलियारा महाकौशल की प्रगति का आधार बनेगा। जबलपुर के आसपास 10 हजार एकड़ भूमि पर औद्योगिक विकास की योजना है। इसमें एक लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है, जिससे एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। वर्ष 2028 तक विकास कार्य धरातल पर दिखाई देने लगेंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ जबलपुर के उद्योगपतियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए विशेष कंपनी के गठन की स्वीकृति पर आभार जताया। मंत्रिपरिषद ने 15 अक्टूबर को जबलपुर-भोपाल-इंदौर औद्योगिक गलियारा विकास कंपनी के गठन को मंजूरी दी है। कंपनी औद्योगिक क्षेत्रों की योजना, निवेश आकर्षित करने और आधारभूत सुविधाओं के विकास का काम करेगी। इसके लिए प्रारंभिक 100 करोड़ रुपये की पूंजी और 20 करोड़ रुपये की ब्याजमुक्त कार्यशील पूंजी का प्रावधान है। मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि रिंग रोड और बेहतर सड़क संपर्क से रक्षा उद्योग, इंजीनियरिंग, मशीन निर्माण, खाद्य प्रसंस्करण तथा भंडारण क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इससे जबलपुर के व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित होने की संभावनाएं बढ़ेंगी। महाकौशल चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता सहित उद्योग प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को जबलपुर आने का आमंत्रण दिया। सांसद आशीष दुबे, सांसद सुमित्रा वाल्मीक, महापौर जगत बहादुर सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, अजय विश्नोई, संतोष बरकड़े, सुशील तिवारी, नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, संदीप जैन, प्रशांत केशरवानी, रत्नेश सोनकर, राजकुमार पटेल, अखिलेश जैन और विनोद गोंटिया ने भी आभार व्यक्त किया।



पूर्व महापौर पं. विश्वनाथ दुबे की 9वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा 19 को

जबलपुर। शहर के पूर्व महापौर स्व. पं. विश्वनाथ दुबे की 9वीं पुण्यतिथि पर सोमवार, 19 अक्टूबर को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 7:30 से 8:30 बजे तक गुरुद्वारा गोरखपुर में श्री अखंड साहिब का पाठ होगा। इसके बाद सुबह 10 बजे नगर निगम के सामने नेहरू उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।



स्व. दुबे को विकास पुरुष, कर्मयोगी, उद्योगपति और समाजसेवी के रूप में याद किया जाता है। वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देते थे। उनके इन्हीं गुणों के कारण विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, सामाजिक संस्थाएं तथा खेल एवं सांस्कृतिक संगठनों के लोग उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। समाजसेवी विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, रूपलाल यादव, दीपक सिंह राजपूत, दलवीर सिंह जस्सल, ठा. उमेंद्र सिंह, गुरुदेव सिंह रील, इंदरपाल सेहमी, सरबजीत सिंह रील और सरोज कांडा ने शहरवासियों से श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



विक्रम छात्रावास के साथियों के 50 वर्षों के सफर पर भोपाल में होगा मिलन समारोह

जबलपुर। महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान विक्रम छात्रावास में साथ रहे साथियों के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भोपाल में मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में साथी पांच दशकों की यादें, अनुभव और जीवन के अनमोल पलों को साझा करेंगे। प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को जबलपुर में आयोजित होने वाले मिलन समारोह में वरिष्ठ और कनिष्ठ साथी एकत्रित होते रहे हैं। इस बार भोपाल में होने वाला आयोजन विशेष रहेगा। बैच के साथी एवं मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ बिताए छात्र जीवन की स्मृतियां भी इस मिलन को यादगार बनाएंगी। इसी सिलसिले में जबलपुर के कॉफी हाउस में साथियों ने बैठक कर समारोह के आमंत्रण पत्र का स्वरूप तय किया। यह आयोजन पांच दशकों की मित्रता, आत्मीयता और साझा स्मृतियों को फिर से जीवंत करने का अवसर बनेगा। समय के साथ जीवन की राहें भले बदल गई हों, लेकिन छात्र जीवन में बने रिश्तों की आत्मीयता आज भी कायम है।

खाद्य संकट से निपटने टिकाऊ कृषि उत्पादन और खाद्य उपलब्धता जरूरी : कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

जनेकृविवि में विश्व खाद्य दिवस पर कार्यक्रम, स्पाइरुलिना आधारित उत्पादों पर चर्चा; फसल गुणवत्ता प्रयोगशाला का उद्घाटन

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में विश्व खाद्य दिवस पर खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि खाद्य संकट से निपटने के लिए टिकाऊ कृषि उत्पादन, प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और खाद्य पदार्थों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था मजबूत करना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे ने की। मुख्य वक्ता केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. विकास सिंह चौहान ने स्पाइरुलिना से पौष्टिक खाद्य उत्पाद विकसित करने और पोषण संवर्धन की संभावनाओं पर जानकारी दी। सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. एल.पी.एस. राजपूत ने खाद्य सुरक्षा, पोषण और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। इस वर्ष की थीम 'आज नवाचार करें, कल का पोषण सुनिश्चित करें' रही। इस अवसर पर कुलपति डॉ. मिश्रा ने विभाग की एनएबीएल मान्यता प्राप्त फसल गुणवत्ता प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। इससे कृषि उत्पादों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. स्वाती बारचे, डॉ. ए.के. जैन, डॉ. टी.आर. शर्मा, डॉ. अजय खरे, डॉ. संजीव गर्ग और डॉ. अमित शर्मा सहित अन्य वैज्ञानिक, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अपर्णा शर्मा ने किया तथा आभार डॉ. आर.एस. ठाकुर ने व्यक्त किया।




महागौरी समिति वार्ड 18 खितौला


महाकाली समिति खितौला


काल भैरव चौक समिति सिहोरा


पंचमुखी समिति नया बस स्टेंड सिहोरा


नव जागृत समिति ज्वालामुखी


नारायण खरया झंडा बाजार


नव ज्योति मंडल झंडा बाजार


हरदौल मंदिर समिति वार्ड 8

सज गये माता के दरबार छाने लगा भक्ति का रंग

चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है

सिहोरा। जगत जननी की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र की कल छठवीं से ही सिहोरा खितौला में भक्ति का रंग दिखने लगा था। और भक्त गण भी सपरिवार माता के दर्शन करने बड़ी संख्या में निकलने लगे थे।सिहोरा खितौला में समिति सदस्यों ने माता के भक्तों को दुर्गा पंडाल तक लाने तथा अपनी झांकी को श्रेष्ठ दिखाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। चूंकि आज रात्रि से प्रतिमा के दर्शन करने भक्तों की अधिक भीड़ उमडेगी तो पुलिस ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। नये बस स्टेंड से खितौला तिराहा तक के मुख्य मार्ग में सभी बडे.वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है।इसी तरह आजाद चौक,झंडा बाजार,कटरा मोहल्ला,गढ़िया मोहल्ला,बाबाताल,कालभैरव चौक आदि स्थानों में भी पुलिस बल तैनात रहेगा।

सिहोरा में 50 से अधिक प्रतिमा स्थापित

सिहोरा में पचास से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जिसमें झंकार समिति बाबाताल,जागरूक युवा समिति,जय मानस समिति गढिया मोहल्ला,शक्ति संस्थान सांई मंदिर,पुराना बस स्टेंड,शुक्ल जी की बखरी ब्राह्मण पुरा,गौरैया मोहल्ला सिहोरा,महागौरी महाकाली समिति कालेज रोड़ वार्ड नम्बर 16 खितौला,शांति नगर दुर्गोत्सव समिति नई सड़क खितौला सहित रेलवे फाटक के पास तुलसी मानस मंदिर में भी माता महाकाली की स्थापना की गई है। इसी तरह नव जाग्रत संस्था ज्वालामुखी तिराहा, हरदौल मंदिर, अंकुर समिति झंडा बाजार, काल भैरव चौक समिति, जय ज्योति आजाद चौक, गड़बड़ समिति बाबाताल मार्ग, खितौला बस स्टेंड, नवज्योति मंडल झंडा बाजार,अखंड ज्योति,मित्र मिलन समिति कटरा मोहल्ला,सब्जी मंडी समिति अस्पताल रोड़ में भी आदिशक्ति की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई है।

सिहोरा खितौला की दुर्गोत्सव समितियों का स्थापना वर्ष

समिति	स्थान	वर्ष
नारायण खरया -	झंडाबाजार	1920 से हरदौल
मंदिर -	बाबाताल मार्ग	1941 से कालभैरव

समिति- काल भैरव चौक 1950 से नवज्योति मंडल - झंडा बाजार 1955 से श्री दुर्गोत्सव - ग़ौरी तिराहा सिहोरा 1962 से मित्र मिलन समिति - कटरा मोहल्ला 1977 से श्रीरामजानकी - सरावगी मोहल्ला 1981 से जागरूक समिति - गढिया मोहल्ला 1991 से अंकुर समिति - झंडाबाजार 1991 से महाकाली समिति - नई सड़क खितौला 2003 से महागौरी समिति - कालेज रोड़ खितौला 1992 से समिति सदस्यों से जानकारी के आधार पर।

भेड़ाघाट में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा



दवाखाना सील, चिकित्सा दस्तावेज नहीं दिखाने पर की गई कार्रवाई

पनागर। पनागर के नायक मार्केट स्थित एक दवाखाने पर स्वास्थ्य विभाग, तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान उपदेश पटेल से चिकित्सा संबंधी डिग्री, डिप्लोमा और पंजीयन के दस्तावेज मांगे गए। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, मौके पर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। कार्रवाई में पनागर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीपति मिश्रा और तहसीलदार प्रदीप तिवारी सहित संबंधित अधिकारी



मौजूद रहे। बताया गया है कि दवाखाने का संबंध डॉ. रविंद्र नायक के नाम से है। उनके निधन के बाद यहां चिकित्सा सेवाओं का संचालन किस आधार पर किया जा रहा था, इसकी जांच महत्वपूर्ण हो गई है। स्थानीय जानकारी के अनुसार, दवाखाने में नवजात शिशुओं से लेकर बुजुर्गों तक का उपचार किया जाता था। ऐसे में मरीजों की सुरक्षा को लेकर चिकित्सा योग्यता और वैध पंजीयन का सत्यापन आवश्यक है। दवाखाने को सील किए जाने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग की जांच और आधिकारिक अभिलेखों से स्थिति स्पष्ट होगी। हालांकि, मौके पर दस्तावेज प्रस्तुत नहीं होना अपने आप में अयोग्यता का अंतिम प्रमाण नहीं है। नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर संबंधित प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

हाईकोर्ट बार में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य पर हर सप्ताह होगी व्याख्यानमाला

जबलपुर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के तत्वावधान में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार प्रशासन एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य विधि विशेषज्ञ हर्ष सिंह बहरावत ने ई-मेल, व्हाट्सऐप संदेश, मोबाइल फोन, डिजिटल अभिलेख और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित सामग्री की न्यायिक उपयोगिता पर जानकारी दी। बार एसोसिएशन द्वारा अब ऐसे व्याख्यान प्रत्येक सप्ताह आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में बार अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह, सचिव असीम त्रिवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वास पलिया, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र ज्योतिषी, महिला उपाध्यक्ष अनुराधा तिवारी चौबे, सह सचिव रुपेश पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल और लाइब्रेरी सचिव अजय शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यकारिणी सदस्य आशीष तिवारी, अर्नव तिवारी, विभा पाठक, अतुल द्विवेदी, शांति तिवारी, अभिजीत सोनी, आरती शर्मा और वरुण दुबे सहित वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे, पारितोष त्रिवेदी तथा टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री एस.एस. ठाकुर समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सहभागिता की।



वांटेज हार्मोनी संगीत समूह की पहली प्रस्तुति, 25 कलाकारों ने बांधा समां

जबलपुर। रानीताल स्थित आईएमए हॉल में वांटेज हार्मोनी संगीत समूह का पहला कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संस्कारधानी के लगभग 25 कलाकारों ने सुरीले गीतों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का मनोरंजन किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अजय खरे ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में आशा विश्वकर्मा ने 'रहे न रहें हम', डॉ. अजय खरे और शोभा सिंह ने 'अच्छा जी मैं हारी', मुकेश सिंह ने 'तेरी निगाहों पर मर-मर गए हम' तथा विनीत खरे ने 'जिंदगी का सफर' गीत प्रस्तुत किया। जे.पी. चौहान और शोभा सिंह ने 'तुम्हारी नजर क्यों खफा हो गई' तथा अमरजीत सिंह मल्होत्रा और आशा विश्वकर्मा ने 'नैना बरसे रिमझिम-रिमझिम' गीत से समां बांधा। डॉ. अजय खरे ने कहा कि सभी का स्नेह और आशीर्वाद मिलता रहा तो भविष्य में भी ऐसे संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

श्री फूलचंद तिवारी- रेवा विहार कॉलोनी जमतरा रोड निवासी श्री फूलचंद तिवारी (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री प्रकाश जैन- कौशल्या कॉस्मो सिटी गोरखपुर निवासी श्री प्रकाश जैन (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री अमित श्रीवास्तव- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री अमित श्रीवास्तव (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री लोकमन प्रधान- चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री लोकमन प्रधान (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राकेश अहिरवार- ग्राम जिलहरी गौरीघाट निवासी श्री चुन्नी लाल अहिरवार के पुत्र श्री राकेश अहिरवार (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शैलेंद्र धुर्वे- सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री संतोष सिंह धुर्वे के पुत्र श्री शैलेंद्र धुर्वे (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री दया शंकर गिरी- सर्रा पीपल



रांझी निवासी श्री दया शंकर गिरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अशोक परिहार- कछपुरा ब्रिज के पास संजीवनी नगर निवासी श्री अशोक परिहार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्री पवन कुमार खत्री- राजुल टाउनशिप चग्गर फार्म के पास तिलहरी निवासी श्री रमेश कुमार खत्री के पुत्र श्री पवन कुमार खत्री (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजेंद्र प्रसाद श्रोती- रामनगर अधारताल निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद श्रोती (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती लक्खो बाई बावरिया- मंडला रोड बिलहरी अखाड़े के पास निवासी श्री गोपाल प्रसाद बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती लक्खो बाई बावरिया (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सनी पासी- गली नं. 21 सदर निवासी श्री वेद प्रकाश पासी के पुत्र श्री सनी पासी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्री दिलीप चौरसिया- छोटी बजरिया गढ़ा निवासी श्री दिलीप चौरसिया (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री शीतल राम- मैत्री नगर महाराजपुर निवासी श्री शीतल राम (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

श्री दिनेश ठाकुर- पुरानी बस्ती कंचनपुर रेतनाका रोड गौरीघाट निवासी श्री दिनेश ठाकुर (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सरोज बाला कपूर- गली नं. 6, सदर निवासी श्री चुन्नी लाल कपूर की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बाला कपूर (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मोक्षधाम में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
डिस्प्ले साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
डिस्प्ले साइज 4x4 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने पेश की उड़ने वाली कार, 2028 तक आएगी बाजार में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेस्ला ने लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अपनी सुपरकार नेक्स्ट-जेन रोडस्टर के प्रोटोटाइप को पेश कर दिया है। इस कार को अमेरिका के टेक्सस स्थित स्पेसएक्स रॉकेट टेस्टिंग फैसिलिटी में पेश किया गया है।

- अमेरिका के टेक्सस स्थित स्पेसएक्स रॉकेट फैसिलिटी में पेश की गई

इस खास इवेंट की लाइवस्ट्रीमिंग की गई, जहां टेस्ला ने एक अनोखे स्टंट के जरिए पूरी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को हैरान कर दिया। लांच इवेंट के दौरान यह कार हवा में उड़ती नजर आई। इसका वीडियो भी इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है। टेस्ला की इस कार में रॉकेट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। कंपनी का कहना है कि इस नई स्पोर्ट्स कार का प्रोडक्शन 2028 से शुरू होगा।

लंबे इंतजार के बाद अपनी नेक्स्ट-जेन रोडस्टर का प्रोटोटाइप किया पेश

हवा में उड़ी कार

टेस्ला ने कोई सामान्य लांच इवेंट करने के बजाय अपनी टू-सीटर रोडस्टर इलेक्ट्रिक कार को हवा में उड़ाकर दिखाया। रोडस्टर की इस अनोखी तकनीक में एयरोस्पेस और रॉकेट साइंस का इस्तेमाल किया गया है। इस प्रोटोटाइप में स्पेसएक्स के इंजीनियरों द्वारा बनाई गई एयर थ्रस्टर्स और सक्शन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। कार ने रैंप पर चढ़कर हवा में फ्लिप किया, हवा में सीधी हुई और फिर थ्रस्टर्स की मदद से जमीन पर सुरक्षित उतर आई। इसने टेस्ला के अन्य मॉडल्स जैसे सेमी ट्रिक और साइबरट्रक के ऊपर से भी छलांग लगाई।



0 से 60 एमपीएच सिर्फ 1 सेकंड में : एलन मस्क ने दावा किया कि यह कार 1 सेकंड से भी कम समय में 0 से 60 मील प्रति घंटे (लगभग 96 किलोमीटर प्रति घंटा) की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी टॉप स्पीड 230 एमपीएच (370 किमी/घंटा) से ज्यादा है।

हवा में उड़ी रोडस्टर कार

कार के नीचे स्पेसएक्स द्वारा बनाया गया फैन-बेस्ड सक्शन सिस्टम लगाया गया है। यह 2जी तक का सक्शन फोर्स जेनरेट करता है, जिससे कार रैंप पर बिना फिसले उल्टी भी चल सकती है। कार में एटीव्यूड-कंट्रोल थ्रस्टर्स और रियर थ्रस्टर्स दिए गए हैं। मस्क के मुताबिक यह कार किसी रॉकेट की तरह उड़ सकती है और हवा में रोल या फ्लिप जैसे अजीबोगरीब स्टंट कर सकती है। इसमें 600 लीटर के दो अल्ट्रा-हाई-प्रेशर टैंक दिए गए हैं, जिनमें लगभग 250 किलोग्राम एयर भरी होती है। यह एयर 10 नोजल के जरिए बाहर निकलती है और कार को हवा में उठाने और फ्लिप कराने के लिए पावर देती है।

2008 में आई थी पहली रोडस्टर

टेस्ला की पहली कार रोडस्टर ही थी, जिसे 2008 में लांच किया गया था और 2012 में बंद कर दिया गया था। 2017 में नए मॉडल का प्रोटोटाइप दिखाया गया था, लेकिन कई कारणों से इसमें देरी हुई। मस्क ने यह भी माना कि इस कार को सेफ्टी को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है, बल्कि इसका मकसद ड्राइविंग के रोमांच को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। इस नई उड़ने वाली टेस्ला रोडस्टर सुपरकार का प्रोडक्शन 2028 से शुरू होगा।

तीन वेरिएंट्स और बुकिंग

इवेंट के बाद टेस्ला की वेबसाइट पर इस कार के तीन वेरिएंट्स लिस्ट किए गए हैं। इसे बुक करने के लिए 50,000 डॉलर (लगभग 47 लाख रुपए) का डिपॉजिट देना होगा। इसमें एक्सलेरेशन थ्रस्टर्स मिलेंगे और इसकी बुकिंग के लिए 250,000 डॉलर (लगभग 2.37 करोड़ रुपए) देने होंगे। यह एक इनवाइट ओनली सिंगल-सीटर मॉडल होगा, जो पूरी तरह से फुल फ्लाइट सिस्टम से लैस होगा। हालांकि, कंपनी ने अभी तक कार की कुल कीमत का खुलासा नहीं किया है।

खबर संक्षेप

पीएनबी के लाभ में 13 फीसदी का आया उछाल



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 5,532 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में 4,904 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

उज्जीवन स्मॉल का मुनाफा तीन गुना बढ़कर 365 करोड़



नई दिल्ली। लघु वित्त बैंक उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में करीब तीन गुना होकर 365 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बैंक को इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 122 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कुल आय 26 प्रतिशत बढ़कर 2,449 करोड़ रुपये हो गई।

नेस्ले इंडिया का लाभ बढ़कर 1,009.61 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। दैनिक उपभोग का घरेलू सामान बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 35.81 प्रतिशत बढ़कर 1,009.61 करोड़ रुपये हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 743.17 करोड़ रुपये था।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.58 अरब डॉलर घटा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार नौ अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 8.58 अरब डॉलर घटकर 726.03 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

शॉपर्स स्टॉप का शुद्ध लाभ 3.11 करोड़ रुपए



नई दिल्ली। कपड़े, जूते समेत अन्य उत्पाद बेचने वाली शॉपर्स स्टॉप का 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 3.11 करोड़ रुपये रहा। 2025-26 में इसी अवधि में कंपनी को 20.11 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। आय 8.72 प्रतिशत बढ़कर 1,366.27 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,256.62 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बयान में कहा कि उसकी 'प्रीमियम उत्पादों पर केंद्रित वृद्धि रणनीति' से उसे 'शुद्ध लाभ दर्ज करने' में मदद मिली है।

एआई एजेंट ने बिना अनुमति गोपनीय डेटा तक बनाई पहुंच

एआई एजेंट के जरिए भारतीय संगठनों पर साइबर हमले, सीईआरटी-इन की 'गंभीर' चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन ने 'गंभीर' चेतावनी जारी करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित स्वायत्त एजेंट ने बिना अनुमति भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली और गोपनीय डेटा तक पहुंच बनाई है। साथ ही, साइबर हमलावर तेजी से साइबर हमले करने के लिए मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

'एआई एजेंट्स ऐज अटैक वेक्टर्स' शीर्षक वाले अपने परामर्श (सीआईएडी-2026-0049) में भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने भारतीय संस्थाओं के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाली घटनाओं की दो अलग-अलग श्रेणियों का उल्लेख किया है।

- हमले के लिए मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे हैं
- हमले करने मुक्त स्रोत वाले एआई एजेंट उपकरणों का इस्तेमाल कर रहे
- एजेंट निर्धारित कार्यों के लिए मिली अनुमति की सीमा से आगे निकल गए



घटना का खुलासा एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी ने किया : खास बात यह रही कि प्रभावित संगठनों में से कोई भी अपने स्तर पर इसका पता नहीं लगा पाया। हर मामले में घटना का खुलासा एआई मॉडल बनाने वाली कंपनी की आंतरिक समीक्षा के बाद किया गया। एक अलग तरह की गतिविधि का पता सीईआरटी-इन ने अपनी खतरा तलाशने की प्रक्रिया के दौरान लगाया।

कंपनियों ने स्वेच्छा से खुलासा किया

पहली श्रेणी की घटनाओं में एआई मॉडल बनाने वाली कंपनियों ने स्वेच्छा से खुलासा किया कि शोध एवं मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे स्वायत्त एआई मॉडल और एजेंट अपने निर्धारित कार्यों के लिए मिली अनुमति की सीमा से आगे निकल गए तथा भारतीय संगठनों की सक्रिय प्रणाली तक पहुंच गए।

गोपनीय सामग्री वाले कारोबारी रिकॉर्ड पढ़े

एजेंसी ने कहा कि इन गतिविधियों के दौरान एआई एजेंट ने व्यक्तिगत जानकारी और गोपनीय सामग्री वाले कारोबारी रिकॉर्ड पढ़े। उन्होंने इसके लिए उन क्रेडेंशियल और कनेक्शन सेटिंग का इस्तेमाल किया, जो एप्लिकेशन के कॉन्फिगरेशन, सार्वजनिक कोड रिपॉजिटरी और जरूरत से ज्यादा अधिकार वाले क्लाउड सेवा खातों में रह गए थे।

अपराधी वित्तीय लाभ के लिए अभियान चला रहे

एजेंसी ने पाया कि साइबर अपराधी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध एआई आधारित आक्रामक सुरक्षा ढांचे का इस्तेमाल कर भारतीय संस्थाओं के खिलाफ वित्तीय लाभ के उद्देश्य से अभियान चला रहे थे। इन गतिविधियों में लक्ष्यों की जानकारी जुटाना, सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाना और साइबर हमले करना शामिल था।

सुरक्षा कमजोरियों को आंशिक रूप से ठीक किया गया था

जिन पीड़ितों ने सुरक्षा कमजोरियों को केवल आंशिक रूप से ठीक किया, उन पर कुछ ही दिनों में पहले से अधिक बड़ा हमला दोबारा किया गया। सीईआरटी-इन ने कहा कि हाल में सामने आई एआई एजेंट से जुड़ी सभी घटनाओं में मूल कमजोरियां पारंपरिक सुरक्षा चूकों से संबंधित थीं।

उपकरणों को लगातार नए रूप में तैयार किया जा रहा

एजेंसी ने कहा कि इन उपकरणों को लगातार नए रूप में तैयार कर दोबारा इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे कई उपकरणों की तैनाती विभिन्न देशों के सर्वरों पर देखी गई है। सीईआरटी-इन के अनुसार, इस अभियान में एआई एजेंट आधारित उपकरणों ने शुरुआती पहुंच हासिल करने और अंतिम नुकसान पहुंचाने के बीच का समय कई दिनों से घटाकर कुछ घंटों तक कर दिया।

सरकार ने पेट्रोल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले पखवाड़े के लिए डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा दिया है, जबकि पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क बढ़ाया गया है। विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर शुल्क 10.5 रुपये प्रति लीटर पर बरकरार रखा गया है।

डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) और सड़क एवं बुनियादी ढांचा उपकर मिलाकर अब 8.5 रुपये प्रति लीटर शुल्क लगेगा। पहले यह 16 रुपये प्रति लीटर था। अगले पखवाड़े के लिए पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क 0.5 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 2.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना में कहा कि शुल्क में बदलाव 16 अक्टूबर से लागू होंगे। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सरकार ने 27 मार्च को डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर शुल्क लगाया था। इसके बाद हर पखवाड़े इसकी दरों में संशोधन किया जाता रहा है। वहीं 16 मई से पेट्रोल के निर्यात पर भी यह शुल्क लगाया गया था। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू खपत के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच घरेलू स्तर पर ईंधन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए अप्रत्याशित लाभ कर लगाया गया था।



- डीजल के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर घटा दिया
- एटीएफ के निर्यात पर शुल्क 10.5 रुपए प्रति लीटर पर कायम

निर्यातकों को अनुचित लाभ उठाने से रोकना

इसका उद्देश्य निर्यातकों को अनुचित लाभ उठाने से रोकना भी था, क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई थीं। पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यात को हतोत्साहित करके पेट्रोलियम उत्पादों की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करना भी इस कर का मकसद था।

आईडीबीआई बैंक का विनिवेश मार्च 2027 तक होगा पूरा

- दीपम के सचिव चावला ने जताई उम्मीद
- आरबीआई से नियामकीय मंजूरी जरूरी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश चालू वित्त वर्ष के अंत तक पूरा होने की उम्मीद जताई है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय मंजूरी जरूरी होगी। चावला ने आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश पर कहा कि विनिवेश प्रक्रिया के सफल बोलीदाता को आरबीआई के समक्ष तकनीकी दस्तावेज और अपनी साख से जुड़े विवरण रखने होंगे। उन्होंने कहा कि आरबीआई की मंजूरी मिलने के बाद शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। फिर सौदे को वित्त वर्ष 2026-27 के अंत से पहले पूरा करने का रास्ता साफ हो जाएगा। चावला ने कहा कि सौदे में अल्पांश और खुदरा शेयरधारकों के हितों की पूरी रक्षा की जाएगी। शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर के बाद रणनीतिक खरीदार को नियामकीय प्रावधानों के तहत अल्पांश शेयरधारकों के लिए खुली पेशकश करनी होगी, ताकि उन्हें अपने शेयर बेचने का अवसर मिल सके।

जिंदल स्टील का ओडिशा में माल ढुलाई टर्मिनल शुरू ...



नई दिल्ली। जिंदल स्टील ने ओडिशा में 3,400 करोड़ रुपये की निवेश परियोजना के तहत 1.25 करोड़ टन क्षमता वाला माल ढुलाई टर्मिनल शुरू कर दिया है। कंपनी घरेलू स्तर पर इस्पात उत्पादन क्षमता बढ़ाने की प्रक्रिया में है और पारादीप में वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने से जिंदल स्टील को बंदरगाह तक लंबे समय के लिए समर्पित पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। जिंदल स्टील ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी अनुषंगी कंपनी जिंदल पारादीप पोर्ट लिमिटेड (जेपीपीएल) के जरिये स्थापित इस परियोजना को तय समय से पहले शुरू किया गया है।

भारत विदेशी मुद्रा की कमी से जूझ रहे देशों की करेगा मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- वित्त मंत्री ने कहा, रुपए में व्यापार भुगतान को बढ़ावा मिलेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत उन साझेदार देशों की मदद के लिए रुपये में व्यापार भुगतान को बढ़ावा देना चाहता है, जो विदेशी मुद्राओं की कमी का सामना कर रहे हैं। इससे वे जरूरी वस्तुओं का आयात जारी रख सकेंगे।



सीतारमण ने थाईलैंड के बैंकॉक में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)-विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान 'अटलांटिक काउंसिल' के साथ अलग से बातचीत में कहा कि प्रमुख विदेशी मुद्राओं तक पहुंच में कठिनाई का सामना करने वाले देशों को अपनी जरूरत के बावजूद वस्तुओं का आयात जारी रखने में परेशानी होती है। स्थानीय मुद्राओं में भुगतान की व्यवस्था इस समस्या को दूर करने में मदद कर सकती है। सीतारमण ने कहा, ''भारत चाहता है कि उससे सामान आयात करने वाले देश भुगतान रुपये में करें और हम इस काम करने को इच्छुक हैं। मंत्री ने कहा कि भारत उन देशों के साथ व्यापार जारी रखने के लिए रुपये और स्थानीय मुद्राओं में भुगतान की सुविधा देने की दिशा में काम कर रहा है, जो विदेशी मुद्रा की कमी का सामना कर रहे हैं।

भुगतान संभव बनाने की कोशिश की जा रही

भारत उन देशों को मदद करेगा जिनके पास प्रमुख विदेशी मुद्राओं की कमी है लेकिन उन्हें कुछ वस्तुओं का आयात करना जरूरी है। इसलिए, रुपये में व्यापार के जरिये स्थानीय मुद्राओं में भुगतान संभव बनाने की कोशिश की जा रही है, ताकि व्यापार जारी रह सके।'' उन्होंने कहा, ''यह एक ऐसा तरीका है, जिसे हम समझ चुके हैं और जिस पर काम कर रहे हैं।''

आईटी शेयरों में तगड़ी खरीदारी से सेंसेक्स 414 अंक मजबूत

- वैश्विक बाजारों से रहे सकारात्मक संकेत
- निफ्टी में करीब 149 अंक की तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी और वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 414 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी में करीब 149 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 413.66 अंक बढ़कर 74,729.27 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 463.17 अंक चढ़कर 74,778.78 अंक तक पहुंच गया था।

निफ्टी भी 148.80 अंक बढ़कर 23,146.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 8.45 प्रतिशत चढ़ा। कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 32.74 प्रतिशत बढ़कर 1,585.6 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी थी। इसके अलावा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और एचसीएलटेक के शेयरों में भी तेजी रही।

रिलायंस, इंडिगो गिरावट के साथ बंद

दूसरी तरफ, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 2,256.94 अंक की बढ़त दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 625.7 अंक यानी 2.77 प्रतिशत चढ़ गया।

कच्चे तेल की नरमी से बाजार धारणा को समर्थन

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''तिमाही नतीजों और कंपनियों के प्रबंधन की सकारात्मक टिप्पणियों से आईटी क्षेत्र की आय संभावनाओं को लेकर भरोसा बढ़ा है। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और रुपये में मजबूती से भी बाजार धारणा को समर्थन मिला। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.30 प्रतिशत गिरकर 105.6 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

चीनी मिलों को मिली त्योहारों में अतिरिक्त बिक्री की अनुमति

- सरकार ने अक्टूबर में उत्पादित चीनी को बेचने की दी अनुमति
- यह नियमित मासिक बिक्री कोटे के अतिरिक्त होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने त्योहारों के दौरान चीनी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए मिलों को अक्टूबर में उत्पादित चीनी को अक्टूबर या नवंबर में बेचने की अनुमति दी है। यह मात्रा दोनों महीनों के लिए तय नियमित मासिक बिक्री कोटे के अतिरिक्त होगी।

खाद्य मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी निर्देश में कहा कि सभी चीनी मिलें अक्टूबर महीने में उत्पादित चीनी को अक्टूबर या नवंबर में बेच सकती हैं। इसका मतलब है कि अगर कोई मिल अक्टूबर में 1,000 टन चीनी का उत्पादन करती है, तो वह इस मात्रा को नवंबर तक बेच सकती है। मंत्रालय ने कहा कि यह मात्रा उक्त महीनों के लिए नियमित मासिक बिक्री कोटे के तहत आवंटित चीनी के अतिरिक्त होगी। घरेलू बाजार में बिक्री के लिए खाद्य मंत्रालय हर पखवाड़े चीनी का कोटा तय करता है। अक्टूबर के पहले पखवाड़े के लिए 13 लाख टन और दूसरे पखवाड़े के लिए 14 लाख टन चीनी का कोटा आवंटित किया गया है।



फैसले की वजह से ज्वेलरी स्टॉक चमके; नया निवेश किया बंद

एमएफ ने गोल्ड फंड्स में सिप और एक मुश्त निवेश पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोल्ड ईटीएफ की कुल इंडस्ट्री का आकार लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपए है

फेस्टिव सीजन के बीच म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने बड़ा कदम उठाया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी (सेबी) के मौखिक निर्देशों के बाद म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने शुक्रवार से सभी गोल्ड फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) में नया निवेश लेना बंद कर दिया है। ये एफओएफ अपना पैसा गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) में लगाते हैं।

एक अनुमान के मुताबिक गोल्ड ईटीएफ की कुल इंडस्ट्री का आकार लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपए है। इसमें से एक तिहाई हिस्सा एफओएफ रूट के जरिए आता है। एक टॉप फंड मैनेजर ने कहा, एफओएफ मुख्य फंड होते हैं और एफओएफ अपना पैसा इन्हीं में लगाते हैं।

टाटा म्यूचुअल फंड

इससे पहले गुरुवार देर शाम टाटा म्यूचुअल फंड ने घोषणा की कि वह टाटा गोल्ड ईटीएफ फंड ऑफ फंड में एकमुश्त निवेश (लम्प-सम्स), नए सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (सिप) और सिस्टेमेटिक ट्रांसफर प्लान (एसटीपी) रजिस्ट्रेशन पर कुछ समय के लिए रोक लगा रहा है। यह बदलाव 16 अक्तूबर, 2026 यानी आज से लागू होगा। फंड हाउस ने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा सिप/एसटीपी रजिस्ट्रेशन के तहत किस्तें आती रहेंगी और उन्हें लागू नेट एसेट वैल्यू (एनएवी) के हिसाब से प्रोसेस किया जाएगा। एक बयान में फंड हाउस ने कहा कि इस रोक के दौरान भी रिडेम्पशन, स्विच-आउट और मौजूदा सिस्टेमेटिक विड्रॉल प्लान (स्विप) की सुविधा जारी रहेगी। साथ ही बताया गया कि यह रोक केवल कुछ समय के लिए है।



क्या होगा असर?

इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि भारत में गोल्ड ईटीएफ का आकार कुल म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का लगभग 2 प्रतिशत है। ऐसे में, गोल्ड एफओएफ में नए निवेश पर रोक लगाने के फैसले से भारत में सोने की मांग पर कोई बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। हाल ही में, सरकार ने सोने के आयात को सीमित करने की कोशिश की है, क्योंकि इससे देश का कीमती विदेशी मुद्रा भंडार बाहर चला जाता है। इसी के चलते, सरकार ने सोने पर आयात शुल्क को पहले के लगभग 7-8 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।

चिंतन

एसएसआर से निपट सकते हैं सभी विवाद

लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष चुनाव के साथ ऐसी मतदाता सूची तैयार करना भी है, जिसमें हर पात्र नागरिक का नाम दर्ज हो और किसी अपात्र व्यक्ति को जगह न मिले। एसआईआर चुनाव प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। ऐसे में चुनाव आयोग का मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) कराने का निर्देश अहम माना जा रहा है। एसआईआर पर विवादों के बीच मतदाता सूची को दुरुस्त करने, सभी विवादों को निपटाने और पात्र नागरिकों को उसमें शामिल करने का अवसर देगी। एसएसआर के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, दर्ज विवरण में गलतियां सुधारने और सूची को अद्यतन करने की व्यवस्था है। वर्ष 2027 में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी अग्रिम आवेदन का अवसर मिलेगा। नाम हटाने की प्रक्रिया पर निगरानी, रिकॉर्ड सुरक्षित रखने और दावों-आपत्तियों की सूची राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराने जैसे निर्देश जवाबदेही बढ़ा सकते हैं। किसी मतदान केंद्र पर दो प्रतिशत से अधिक नाम हटाए जाने की स्थिति में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी की जांच का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है। इससे नाम हटाने की कार्रवाई में मनमानी की आशंका कम करने में मदद मिल सकती है। कुल मिलाकर यह सभी विवादों को निपटाने में अहम भूमिका निभा सकती है। एसआईआर को लेकर विवाद की प्रमुख वजह यह आशंका रही है कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में कहीं पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाएं। बिहार से शुरू हुए विवाद में विपक्ष ने दस्तावेजों की शर्तों, समय-सीमा और बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने पर सवाल उठाए। दूसरी ओर, चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची विश्वसनीय हो और उसमें किसी तरह की गड़बड़ी न रहे। एसएसआर से विवादों का समाधान निकल सकता है, लेकिन केवल आदेश जारी करने से ऐसा नहीं होगा। जिन लोगों के नाम एसआईआर के दौरान सूची में शामिल नहीं हो पाए, उनके लिए आवेदन की प्रक्रिया सरल और सुलभ बनाना जरूरी है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, ऐसे लोग फॉर्म-6 भरकर नाम जुड़वाने का आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए लोगों को जरूरी दस्तावेजों और पात्रता संबंधी नियमों की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी बस्तियों, प्रवासी श्रमिकों और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं तक सूचना पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाना भी आवश्यक है। जिनके नाम हटाए गए हैं, उन्हें कारण जानने और अपनी पात्रता साबित करने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। मतदान केंद्रों की समीक्षा, एक केंद्र पर सामान्यतः 1,200 से अधिक मतदाता न रखने और मतदाताओं को दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने से बचाने के निर्देश भी स्वागतयोग्य हैं। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर रहे। राजनीतिक दलों को नियमित जानकारी देना, दावों और आपत्तियों का निष्पक्ष निपटारा करना तथा निर्णयों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना पारदर्शिता बढ़ाएगा। देश में मतदाता सूची की शुद्धता जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा करना भी है। एसएसआर को एसआईआर से उपजे विवादों के समाधान का माध्यम बनाने के लिए आयोग को नियमों के निष्पक्ष पालन के साथ संवेदनशीलता दिखानी होगी, ताकि सभी पात्रों को उनका हक मिल सके और कोई विवाद न रहे।



मुद्दा
गीता शुक्ला

कांग्रेस अपनी हार पर आत्ममंथन करे

चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

ये किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि चुनाव जीतने के लिए जनता का विश्वास जीतना पड़ता है। इसके लिए राजनीतिक दलों को लोगों के बीच जाना होता है, उनकी समस्याएं समझनी होती हैं और अपनी नीतियों पर भरोसा पैदा करना होता है। लेकिन जब कोई पार्टी लगातार चुनावी चुनौतियों का सामना करती है, तो उसके सामने आत्ममंथन का सवाल भी खड़ा होता है। कांग्रेस आज इसी स्थिति से गुजर रही है। राहुल गांधी लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी को जनता नहीं, बल्कि चुनाव आयोग चुनाव जितवा रहा है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की दशकों पुरानी चुनावी गिरावट के लिए केवल चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है?

राहुल गांधी के आरोपों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तक निशाने पर हैं। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम कर रहा है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन गंभीर आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण भी होने चाहिए। राजनीतिक बयानबाजी से किसी आरोप की सत्यता साबित नहीं होती। भाजपा की ओर से कांग्रेस को जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने उसके चुनावी इतिहास का हवाला दिया। उनका सवाल था कि यदि चुनाव आयोग और एसआईआर ही कांग्रेस की पराजय के कारण हैं, तो उन राज्यों में पार्टी की कमजोरी का क्या कारण है, जहां वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है? अमित शाह के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग सवाल उठाए। जयराम रमेश ने पूछा कि कितने घुसपैठियों की पहचान हुई और कितनों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए या उन्हें देश से बाहर निकाला गया। पवन खेड़ा ने जंतर-मंतर पर भारी पुलिस बल की तैनाती पर सवाल खड़ा किया। के.सी. वेणुगोपाल ने शाह के बयान को अगले चुनाव के परिणाम की अग्रिम घोषणा बताते हुए भाजपा पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाया। इन प्रतिक्रियाओं के बीच कांग्रेस की चुनावी गिरावट पर बहस पीछे छूट गई। एसआईआर और घुसपैठियों से जुड़े सवाल महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस को अपनी राजनीतिक कमजोरियों पर भी विचार करना चाहिए। अमित शाह का मुख्य तर्क यही था कि पार्टी अपनी हार के कारणों की समीक्षा करे। कांग्रेस को लोकसभा में अपने दम पर पूर्ण बहुमत मिले चार दशक से अधिक समय बीत चुका है। वर्ष 1984 के आम चुनाव में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पैदा हुई असाधारण परिस्थितियों में पार्टी ने 543 निर्वाचित सीटों में से 404 सीटें जीती थीं। उसके बाद कांग्रेस कभी अपने दम पर लोकसभा में बहुमत हासिल नहीं कर सकी। राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी 1989 और 1991 के चुनावों में भी बहुमत से दूर रही।

सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2004 और 2009 में वापसी की। 2004 में उसने 145 और 2009 में 206 सीटें जीतीं। सहयोगियों के साथ केंद्र में सरकार भी



बनाई। लेकिन इसके बाद पार्टी का प्रदर्शन तेजी से गिरा। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस केवल 44 सीटों पर सिमट गई। 2019 में उसे 52 सीटें मिलीं, जबकि 2024 में उसकी सीटें बढ़कर 99 हो गईं। यह सुधार जरूर था, लेकिन पार्टी बहुमत से बहुत दूर रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कांग्रेस की चुनावी चुनौतियां एसआईआर से बहुत पुरानी हैं। मतदाता सूची के पुनरीक्षण को उसकी दशकों की राजनीतिक गिरावट का एकमात्र कारण नहीं माना जा सकता। कभी देश के बड़े हिस्से में सरकार बनाने वाली कांग्रेस आज कई राज्यों में कमजोर स्थिति में है। तमिलनाडु में कांग्रेस का अपना मुख्यमंत्री बने छह दशक हो चुके हैं। पश्चिम बंगाल में भी वह लंबे समय से सत्ता से बाहर है। उत्तर प्रदेश में पार्टी अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं पहुंच सकी है। गुजरात और ओडिशा जैसे राज्यों में भी उसे लंबे समय से सत्ता से बाहर रहना पड़ा है। इन राज्यों की परिस्थितियां अलग-अलग हैं।

कहीं क्षेत्रीय दलों का प्रभाव बढ़ा है, तो कहीं भाजपा ने अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत की है। कांग्रेस के सामने चुनौती यह है कि वह इन बदली हुई परिस्थितियों के अनुरूप अपना संगठन और नेतृत्व तैयार करे। केवल पुराने राजनीतिक गौरव के सहारे जनता का भरोसा वापस नहीं पाया जा सकता। राजनीति केवल प्रदर्शन से नहीं चलती। राजनीतिक विश्लेषक बिक्रम उपाध्याय मानते हैं कि अमित शाह ने कांग्रेस को यह सही नसीहत दी कि दिल्ली में कुछ हजार लोगों की भीड़ जुटाने से चुनाव नहीं जीते जा सकते। राजनीतिक दलों को गांवों, कस्बों और दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचना पड़ता है। जनता की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए काम करना जरूरी है। यह बात कांग्रेस ही नहीं, हर राजनीतिक दल पर लागू होती है। विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता और मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठाना भी विपक्ष का अधिकार है। लेकिन विरोध के साथ संगठन मजबूत करना और जनता के बीच लगातार काम करना भी जरूरी है। कांग्रेस की चुनौती यह है कि वह अपनी चुनावी पराजयों की जिम्मेदारी तय करे। क्या पार्टी का संगठन कमजोर हुआ है? क्या उसका नेतृत्व लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतर रहा है? क्या उसकी नीतियां नए मतदाताओं को आकर्षित कर पा रही हैं? इन सवालों पर गंभीर चर्चा के बिना राजनीतिक वापसी कठिन होगी। भाजपा हाल के स्थानीय निकाय और ग्राम समिति चुनावों में अपने प्रदर्शन को जनता के समर्थन के रूप में पेश कर रही है। कांग्रेस को भी इन नतीजों और अपने प्रदर्शन का तथ्यों के आधार पर विश्लेषण करना चाहिए। हर चुनाव के परिणाम को उसके स्थानीय और राजनीतिक संदर्भ में समझना जरूरी है। राहुल गांधी और कांग्रेस नेतृत्व के सामने दो चुनौतियां हैं। पहली, चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों को प्रमाणों के साथ सामने रखना। दूसरी, अपनी चुनावी कमजोरियों को स्वीकार कर संगठन में सुधार करना। ये दोनों काम एक साथ किए जा सकते हैं। लोकतंत्र में किसी भी दल को जीत का स्थायी अधिकार नहीं मिलता। जनता का विश्वास कामकाज, नेतृत्व और नीतियों से अर्जित करना पड़ता है। कांग्रेस यदि अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाना चाहती है, तो उसे आरोपों से आगे बढ़कर आत्ममंथन करना होगा। चुनाव आयोग पर सवाल उठाना एक राजनीतिक विकल्प हो सकता है, लेकिन अपनी कमजोरियों को दूर करना उसकी जरूरत है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
डॉ. घनश्याम बादल



देवी की पूजा और स्त्री की दुर्दशा !

नवरात्र चल रहे हैं। मंदिरों में घंटाध्वनि हैं, घरों में दुर्गा सप्तशती पाठ हो रहे हैं, कन्याओं के पांव पखारे जा रहे हैं और मंचों से नारी शक्ति के जयकारे लग रहे हैं। देवी के नौ रूपों की महिमा का बखान तो ठीक है, लेकिन देश में स्त्री की अस्मिता, सुरक्षा और सम्मान के सवाल पर समाज की धीमी आवाज बड़े सवाल खड़े करती है। एक तरफ देवी के सामने सिर झुकाने की होड़ है, दूसरी तरफ जीवित स्त्री को झुकाने, दबाने और चुप कराने का सिलसिला जारी है। सवाल है कि हम शक्ति की आराधना कर रहे हैं या अपने पाखंड को धार्मिक आवरण पहना रहे हैं? विडंबना देखिए कि जिस समय नवरात्र में कन्या पूजन के लिए छोटी बच्चियों को खोजा जाता है, उसी समाज में बच्चियों के यौन शोषण की खबरें हमें बार-बार शर्मसार करती हैं। जिस कन्या को देवी का रूप कहकर भोजन कराया जाता है, उसके लिए घर, स्कूल, सड़क और सार्वजनिक स्थान कितने सुरक्षित हैं? पूजा के दिन उसके पांव धोने वाले हाथ क्या शेष दिनों में उसकी स्वतंत्रता और इच्छा का सम्मान करते हैं? यदि बच्ची को अपनी ही दुनिया में भय के साथ जीना पड़े, तो कन्या पूजन की पवित्रता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। स्त्री के प्रति अपराधों की चर्चा करते समय आंकड़ों की शुद्धता भी जरूरी है। किसी अपराध के बढ़ने या घटने का दावा प्रमाणित आंकड़ों से होना चाहिए। लेकिन आंकड़ों की बहस से वह सच्चाई नहीं मिटती कि यौन हिंसा, घरेलू उत्पीड़न, पीछा करना, सार्वजनिक अपमान और महिलाओं की आवाज दबाने की घटनाएं समाज के सामने गंभीर चुनौती बनी हुई हैं। दर्ज मामलों की संख्या पूरी तस्वीर नहीं बताती; बदनामी, परिवार का दबाव, आर्थिक निर्भरता और पुलिस-न्याय व्यवस्था की लंबी प्रक्रिया अनेक महिलाओं को शिकायत करने से भी रोकती है। यह समस्या केवल घरों तक सीमित नहीं है। जन आंदोलनों में महिला पत्रकारों और आंदोलनकारी महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार, धक्का-मुक्की, मारपीट या दमन की तस्वीरें सामने आती हैं, तो लोकतंत्र का दावा भी कठघरे में खड़ा होता है। किसी आंदोलन से असहमति हो सकती है, उसकी मांगें अनुचित भी हो सकती हैं, लेकिन क्या इससे महिला पत्रकार के काम करने के अधिकार या प्रदर्शनकारी महिला की गरिमा को कुचलने का लाइसेंस मिल जाता है? कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, अपमानित करना नहीं। वर्दी की ताकत का अर्थ नागरिक की आवाज दबाना नहीं, उसके अधिकारों की रक्षा करना है। महिला की स्वतंत्रता का सवाल सत्ता और विपक्ष, दोनों की परीक्षा लेता है। विपक्ष में रहते हुए महिलाओं के सम्मान की दुहाई देना आसान है; सत्ता में आने पर उसी कसौटी पर खरा उतरना कठिन। किसी एक दल, विचारधारा या समुदाय को स्त्री के प्रति समूचे अन्याय का ठेकेदार बताकर बाकी समाज को निर्दोष नहीं ठहराया जा सकता। स्त्री के प्रति भेदभाव की जड़ें परिवार, परंपरा, राजनीति, बाजार और संस्थाओं तक फैली हैं। कहीं उसे परिवार की इज्जत के नाम पर बांधा जाता है, कहीं संस्कृति की रक्षा के नाम पर उसकी पसंद पर पहरा बैठाया जाता है और कहीं उसकी पीड़ा को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू पर तौला जाता है। इसी पृष्ठभूमि में मेरठ का चर्चित नीले ड्रम वाला हत्याकांड भयावह सवालों के साथ सामने आता है। इस मामले में दो अभियुक्तों को फांसी की सजा सुनाए जाने की खबर ने अपराध की क्रूरता और न्याय की जरूरत पर ध्यान खींचा है।

नवरात्र का मूल संदेश शक्ति की उपासना है। दुर्गा का रूप अन्याय के सामने प्रतिरोध का प्रतीक है, महिषासुर-वध अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का रूपक है और स्त्री के भीतर शक्ति देखने की परंपरा उसे कमजोर मानने की मानसिकता को चुनौती देती है। फिर भी विडंबना यह है कि देवी को सर्वशक्तिमान मानने वाला समाज अपनी बेटी को अक्सर निर्णय लेने में अक्षम समझता है। दुर्गा की तलवार की आराधना होती है, लेकिन स्त्री के आत्मसम्मान की आवाज उठे तो उसे परिवार तोड़ने वाली, संस्कारहीन या विद्रोही कह दिया जाता है। देवी को शक्ति का अधिकार है, स्त्री को क्यों नहीं? धर्म का मूल्य कर्म से तय होता है, कर्मकांड की भव्यता से नहीं। यदि नवरात्र के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करें, लेकिन वर्ष के बाकी दिनों में स्त्री की इच्छा, सहमति, शिक्षा, संपत्ति, रोजगार और स्वतंत्र निर्णय के अधिकारों की उपेक्षा करें, तो हमारी भक्ति अधूरी ही नहीं, आत्मवंचना भी है। कन्या पूजन का सबसे बड़ा अर्थ किसी बच्ची के पांव धोना नहीं, यह सुनिश्चित करना है कि उसके सपनों पर पहरा न हो, उसके शरीर पर उसकी सहमति के बिना कोई अधिकार न जमाए और अन्याय होने पर उसे चुप रहने के लिए मजबूर न किया जाए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

लक्ष्मी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं: देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं: देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्रात्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

कहां खो गए मिट्टी के दीये

कभी दिवाली मिट्टी के दीयों की सौंधी महक, घर में बनते पकवानों की मिठास, आंगन के मांडणों, रिश्तों के अपनत्व और लोक परंपराओं की जीवंतता का पर्व हुआ करती थी। आज बिजली की रंग-बिरंगी लड़ियां हैं, महंगे उपहार हैं, मिठाइयों के आकर्षक डिब्बे हैं, पटाखों का शोर है और इंटरनेट पर शुभकामनाओं की भरमार है। सब कुछ है, लेकिन क्या वह पहले जैसा उल्लास, वह आत्मीयता और वह सुकून भी है? आधुनिकता की चकाचौंध में कहीं हम दिवाली की आत्मा तो नहीं खोते जा रहे हैं? दिवाली केवल अमावस्या की रात को रोशन करने का पर्व नहीं है। यह अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और दूरी पर अपनत्व की विजय का प्रतीक है। यह वह अवसर है जब घरों के साथ रिश्तों की भी सफाई होती थी, मन के मैल दूर किए जाते थे और रूठों को मनाया जाता था। - सरिता, महेंद्रगढ़

ट्रेंड

सबका साथ-सबका विकास



'सबका साथ-सबका विकास' की भावना के अनुरूप, भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षा, विकास, कल्याण, रोजगार, महिला सुरक्षा और दंगाइयों से निपटने के मामलों में समान लगन के साथ काम किया है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, नई दिल्ली

गुमराह कर रहे कांग्रेसी



कांग्रेस और उसके सहयोगी दल सत्ता की अपनी लालसा के चलते देश में अराजकता और अस्थिरता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। झूठे आरोपों, भ्रामक बयानों और बेबुनियाद मुद्दों के जरिए जनता को गुमराह करना ही उनकी राजनीति का आधार बन गया है।
- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

नरेंद्र मोदी का भाषण



देश के हर नागरिक को 6 जून 2011 को दिया गया नरेंद्र मोदी का भाषण सुनना चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर उनके हाथ बंधे न होते, तो वे केंद्र सरकार के खिलाफ लड़ाई छेड़ देते। यह अराजकता की पराकाष्ठा थी।
- **अशोक गहलोत,** पूर्व सीएम, राजस्थान

राष्ट्रव्यापी अभियान



आज मुझे 'भारत यात्रा' के समापन की याद आ रही है, जो बच्चों के यौन शोषण और तस्करी के खिलाफ एक राष्ट्रव्यापी अभियान था। 2017 में हुई इस यात्रा के दौरान 22 राज्यों में 11,000 किलोमीटर की दूरी तय की गई।
- **कैलाश सत्यार्थी,** नोबेल पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

अंग प्रत्यारोपण की दवाओं के लिए भारत, जर्मनी आए साथ



भारत की कंपनी 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' और जर्मनी की कंपनी 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' अंग प्रतिरोपण में इस्तेमाल होने वाली दवा सहित 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों के निर्माण एवं व्यावसायिक बिक्री के लिए मिलकर काम करेंगी और इसके तहत संबंधित प्रौद्योगिकी भी भारत को हस्तांतरित की जाएगी। बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। 'इम्युनोग्लोबुलिन' एक प्रकार का प्रोटीन है, जिसे प्रतिरक्षी (एंटीबॉडी) भी कहा जाता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली का हिस्सा है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। दूतावास ने बताया कि उसने 13 अक्टूबर को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान 'नियोवी बायोटेक जीएमबीएच' और 'विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड' के बीच समझौते में मदद की। इस सहयोग के तहत 'इम्युनोग्लोबुलिन' उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। इनमें 'एंटी-थाइमोसाइट ग्लोबुलिन' भी शामिल है, जिसका इस्तेमाल मनुष्यों में अंग प्रतिरोपण और रक्त संबंधी कुछ विकारों के इलाज में किया जाता है। भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास ने 13 अक्टूबर, 2026 को आयोजित भारत-जर्मनी स्वास्थ्य नेतृत्व संवाद के दौरान जर्मनी की नियोवी बायोटेक जीएमबीएच और भारत की विन्स बायोप्रोडक्ट्स लिमिटेड के बीच गोपनीयता समझौते के आदान-प्रदान में मदद की।'

ऑफ बीट

स्काईरूट की मदद से अमेरिकी कंपनी रात में 'धूप' बेचेगी



जरा सोचिए, क्या रात के घने अंधेरे में भी धरती के किसी खास हिस्से को सूरज की रोशनी से जगमगाया जा सकता है? एक अमेरिकी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी इस कल्पना को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है और वह भी भारतीय कंपनी की मदद से। कैलिफोर्निया स्थित स्टार्ट-अप 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने अंतरिक्ष में विशाल दर्पण स्थापित कर पृथ्वी पर मांग के अनुरूप 'धूप' बेचने की अनोखी योजना बनाई है। इस महत्वाकांक्षी मिशन के लिए कंपनी ने भारत की निजी अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी 'स्काईरूट एयरोस्पेस' की प्रक्षेपण सेवाएं लेने को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' कंपनी उपग्रहों का एक ऐसा समूह तैयार कर रही है, जो रात के समय आपदा प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव कार्यों के लिए तत्काल रोशनी मुहैया करा सकेगा। इससे सौर ऊर्जा संयंत्रों में बिजली उत्पादन की अवधि भी बढ़ाई जा सकेगी। कंपनी ने अपने दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने के लिए हैदराबाद स्थित 'स्काईरूट एयरोस्पेस' के साथ अनुबंध किया है। इन उपग्रहों को स्काईरूट के 'विक्रम' रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया जाएगा। 'रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल' ने एक बयान में कहा, ''अमेरिका में तय हमारे अन्य प्रक्षेपण अभियानों के साथ-साथ इन दो प्रक्षेपण से हमें एक निश्चित समयसीमा और अतिरिक्त क्षमता मिलेगी।''

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जटायु को मोक्ष, बाली का संहार, अब सीता की खोज में निकलेंगे बजरंगबली

शबरी की नवधा भक्ति ने मोहा मन, पं. अशोक मनोध्याय को 'मानसमणि अलंकरण' से किया सम्मानित



जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम के सिद्ध मंच पर 60वें रामलीला महोत्सव के दसवें दिन जटायु मुक्ति, शबरी की नवधा भक्ति, बाली वध और सीता खोज के प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन हुआ। शुभारंभ भगवान श्रीराम की आरती से हुआ। इस अवसर पर समिति संचालक पं. अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री अरुण दीक्षित सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। रावण से युद्ध में घायल जटायु को भगवान श्रीराम ने मोक्ष प्रदान किया। इसके बाद शबरी की अटूट भक्ति और प्रभु के नौ प्रकार की भक्ति के उपदेश ने दर्शकों को भावविभोर किया। सुग्रीव से मित्रता निभाते हुए श्रीराम ने बाली का वध किया। सुग्रीव के राज्याभिषेक के बाद हनुमान जी के नेतृत्व में वानर दल माता सीता की खोज के लिए दक्षिण दिशा में रवाना हुआ।रामलीला मंचन में 60 वर्षों से विशिष्ट योगदान के लिए साहित्यिक संस्था 'समवेत स्वर' ने पं. अशोक मनोध्याय को शाल, श्रीफल और अभिनंदन पत्र देकर 'मानसमणि अलंकरण' से सम्मानित किया। समारोह में डॉ. संदीप नेमा, आशुतोष तिवारी, सुनीता तिवारी, राजेश पाठक, संध्या जैन, संतोष तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समिति के अनुसार, शनिवार 17 अक्टूबर को लंका दहन, विभीषण शरणागति और लंका पर चढ़ाई के प्रसंगों का मंचन होगा।

दुर्गोत्सव में सूर्यास्त से सूर्योदय तक सड़कों जनभेदनी उमड़ी

प्यारे सजे हैं दरबार, भक्तों की लगी हैं कतार भवानी

जबलपुर। शक्ति की भक्ति के महापर्व शारदेय नवरात्र पर चहुंओर भक्तिभाव का नजारा दिखाई दे रहा है। पर्व की पंचमी तिथि से मां के दरबार सज-धज कर तैयार हो गए हैं और इसी के साथ ही भक्तों की भीड़ सड़कों पर नजर आने लगी है। जहां तहां पूजा पंडालों में साज सज्जा पूरी हो गई है। नगर पथ पर श्रद्धा का सैलाब मां के विविध रूपों के दर्शन के लिए सड़कों पर दिखाई दे रहा है। आज शनिवार को मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि की आराधना पूरे श्रद्धा भक्ति भाव के साथ की जाएगी। दुर्गोत्सव में इस बार भी एक से बढ़कर एक झांकियां बनाई गई हैं। वहीं मां जगदम्बे के विविध स्वरूपों की मनमोहक प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं। कुछ दुर्गोत्सव समितियों ने इतनी सुन्दर और नयनाभिराम प्रतिमाएं स्थापित की है कि इनके दर्शन करके श्रद्वालुओं का मन नहीं भरता। कुछ ऐसा ही नजारा श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढ़ाफाटक में दिखाई देता है। माता महाकाली की लगभग 15 फीट ऊंची विशालकाय प्रतिमा श्रद्धा का केन्द्र बनी हुई है। पंडाल से भीड़ हटती ही नहीं। इसी तरह श्री सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति, श्रीजाबालि दुर्गोत्सव समिति चेरीताल हरदौल मंदिर, श्री आध्यात्मिक दुर्गोत्सव समिति छोटी देवन दीक्षितपुरा, बेलबाग, कंजड़ मोहल्ला की कंकाली माता, घंटाघर में विराजी मां काली, आजाद चौक सदर, पंजाब बैंक कॉलोनी चेरीताल, सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति पारिजात बिल्डिंग के पीछे, गोंडवाना दुर्गोत्सव समिति गढ़ा बजरिया, रानीदुर्गावती मित्र मंडल द्वारा स्थापित की गई मां भवानी की भव्य प्रतिमाएं इसी



तरह गढ़ा फाटक मोची कुंआ के पास श्रीनट बाबा दुर्गोत्सव समिति मां जगदंबा की प्रतिमा, लटकारी के पड़ाव में मां महाकाली की विशाल प्रतिमा, पुराना बस स्टेंड सुपर मार्केट की प्रतिमा लोगों को आकर्षित कर रही है।

बरकरार है नगर सेठानी का रुतबा

गौरवशाली इतिहास को अपने आप में समेटे नगर सेठानी के नाम से विख्यात सुनरहाई की दुर्गा प्रतिमा की भव्यता निराली है। श्री दुर्गोत्सव समिति सुनरहाई की स्थापना आज से 162 साल पहले स्वर्गीय मख्खन तेली एवं मुनीर अहमद व उनके उत्साही सहयोगियों द्वारा की गई थी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 122 साल तक प्रतिमा को कंधों पर उठाकर प्रतिमा को विसर्जन स्थल हनुमानताल ले जाया जाता था लेकिन वक्त के साथ विसर्जन के तरीके में भी बदलाव आया।

सोने से लदी नुनहाई की माताराणी

सोने से लदी नुनहाई की माताराणी का भव्य स्वरूप देखते ही बनता है। चमक दमक वाली प्रतिमा की आभामयी छटा निहारते श्रद्धालु खुद को धन्य मान रहे हैं। नुनहाई दुर्गोत्सव समिति द्वारा वर्ष 1878 में पहली बार कलमल लाल सोनी द्वारा प्रतिमा रखी गई थी। तब से यह परंपरा निर्वाध रूप से चली आ रही है।

गढ़ा फाटक की दिव्य महाकाली

गढ़ा फाटक की महाकाली की प्रतिमा का दिव्य स्वरूप देखते ही बनता है। लगभग 128 साल के इतिहास को अपने आप में समेटे वृहद महाकाली की छटा ही अलग है। वक्त के साथ आए बदलाव का असर यहां भी दिखता है। वृहत महाकाली गढ़ा फाटक द्वारा हर साल कुछ न कुछ हटकर आयोजन किया जाता है।

माँ बगलामुखी माता की पंच महा आरती

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में नवरात्र के पावन पर्व पर ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द महाराज के करकमलों से पंचमी महाआरती की गई। इस अवसर पर ब्रह्मचारी ने बताया कि नवरात्रि जो भगवती की आराधना करते हैं उपासना करते हैं उनके सारे मनोरथ पूर्ण होते हैं एवं उनके शत्रुओं का शमन होता है इस अवसर आचार्य राजेश शास्त्री, संदीप जैन, भारत सिंह यादव मधु यादव संजय मिश्रा पवन मिश्रा विवेक गुप्ता मनोज सेन आदि उपस्थित रहे।

गुरुद्वारा प्रेमनगर में रैन सबाई कीर्तन एवं कथा समागम आज

जबलपुर। गुरुद्वारा प्रेमनगर, मदनमहल में 17 अक्टूबर को रात्रि 8.30 बजे से अगले दिन सुबह 3 बजे तक रैन सबाई कीर्तन दरबार एवं कथा समागम आयोजित किया जाएगा। इसमें विख्यात रागी जत्था भाई जगजीत सिंह बबीहा, भाई अमरजीत सिंह, पटियाला तथा गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब, दिल्ली के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी अंग्रेज सिंह सहित विद्वान गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं गुरुवाणी की व्याख्या प्रस्तुत करेंगे। समागम के दौरान पूरी रात गुरु का लंगर, चाय और नाश्ते की सेवा संगत द्वारा की जाएगी। आयोजक कीर्तन एवं कथा समागम समिति, जबलपुर तथा संयोजक सरदार अजीत सिंह नैय्यर ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर गुरुवाणी का लाभ लेने की अपील की है।



75 फीट ऊंचे रावण-कुंभकर्ण के पुतलों का होगा दहन

19 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा 74वां पंजाबी दशहरा



जबलपुर। शहर की सांस्कृतिक पहचान 74वां पंजाबी दशहरा सोमवार, 19 अक्टूबर 2026 को सायंकाल 5:30 बजे शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय, ग्वारीघाट में धूमधाम से मनाया जाएगा। पंजाबी हिंदू एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश ग्रोवर, कार्यक्रम संयोजक पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत, संरक्षक नरेंद्र पाल मलिक, इंदर विरमानी, जनसंपर्क अधिकारी राजीव ओबेरॉय और मुख्य मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा ने पत्रकार वार्ता में आयोजन की जानकारी दी।

महोत्सव में 75 फीट ऊंचे रावण और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया जाएगा। शिवाकाशी सहित विभिन्न आतिशबाजों द्वारा रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। भगवान श्रीराम की शोभायात्रा में अश्वारोही दल, दुलदुल घोड़ी, डांडिया और आकर्षक रोशनी विशेष आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम पूजन के साथ जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य और साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के आशीर्वचन से होगा। मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तथा विशिष्ट अतिथि सांसद आशीष दुबे, विवेक तन्खा, सुमित्रा बाल्मीक, महापौर जगत बहादुर सिंह और नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज उपस्थित रहेंगे।

आदि देव कला संस्थान के अखिलेश पटेल की टीम, नवरंग कथक कला केंद्र के मोती शिवहरे और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्याम बैंड के 200 कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों ने नागरिकों से सपरिवार शामिल होने की अपील की है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर दर्शकों से शाम 5 बजे तक स्थान ग्रहण करने का आग्रह किया गया है।



जय मां दुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में हुई महाआरती

जबलपुर। गोरखपुर ईसाई मोहल्ला स्थित जय मां दुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में पंचमी के पावन अवसर पर माता रानी की महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने शामिल होकर माता का पूजन किया और प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष डिम्पी बिन्द्रा ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथियों एवं समिति के वरिष्ठ सदस्यों का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर रवि ठाकुर, अशोक राजपूत, सतीश गुप्ता, संजू विल्सन, नवजीत सिंह गिल, कैलाश, शेरू, बंटू और सुदीप सहित समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भविष्य निधि, पेंशन और बीमा का बढ़ेगा दायरा 51 लाख कर्मचारियों को होगा लाभ



जबलपुर। कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने के लिए ईपीएफओ की अनिवार्य वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा की गई है। इससे 51 लाख से अधिक अतिरिक्त कर्मचारियों को लाभ मिलने का अनुमान है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 कैलाश चंद्र जोशी ने पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। सहायक भविष्य निधि आयुक्त संदीप मिश्रा भी उपस्थित रहे। जोशी ने बताया कि कर्मचारी नामांकन अभियान-2026 के तहत 31 अक्टूबर तक पात्र कर्मचारियों को भविष्य निधि के दायरे में शामिल किया जा सकता है। वहीं, विश्वास-2026 योजना में पात्र नियोक्ताओं को पुराने लंबित मामलों में निर्धारित शर्तों के अनुसार जुर्माने में 45 प्रतिशत तक की छूट मिल सकती है। यह योजना दिसंबर तक चलेगी। पत्रकारवार्ता में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की जानकारी भी दी गई। इसके तहत पात्र युवाओं को पहली बार औपचारिक रोजगार मिलने पर 15 हजार रुपये तक प्रोत्साहन देने का प्रावधान है। नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने वाले पात्र नियोक्ताओं को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इन योजनाओं का उद्देश्य कर्मचारियों की बचत, पेंशन और बीमा सुरक्षा मजबूत करना, युवाओं को रोजगार देना तथा नियोक्ताओं को नियमों के पालन में राहत प्रदान करना है।



नृसिंह मंदिर में संगीतमय नवाह परायण मां राजराजेश्वरी का अर्चन-पूजन जारी

जबलपुर। शास्त्री ब्रिज स्थित श्री नृसिंह मंदिर में नवरात्र महोत्सव के अवसर पर श्रीरामचरितमानस का संगीतमय नवाह परायण एवं मां भगवती राजराजेश्वरी का विधि-विधान से अर्चन-पूजन और हवन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन परम पूज्य जगद्गुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है।

मंदिर में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार नवरात्र में श्रीरामचरितमानस पाठ और भगवती पराम्बा की आराधना की जाती है। नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित हो रहा है। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक संगीतमय पाठ, पूजन, हवन और आरती होती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर भक्ति भाव से मां भगवती की आराधना कर रहे हैं।

छठवीं बटालियन में मनाया गया गरबा महोत्सव महिला नव आरक्षकों ने दी आकर्षक प्रस्तुतियां

जबलपुर। नवरात्रि के अवसर पर छठवीं बटालियन, विशेष सशस्त्र बल, जबलपुर में 15 एवं 16 अक्टूबर को दो दिवसीय पारंपरिक गरबा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में बटालियन परिवार की महिलाओं, बच्चियों एवं प्रशिक्षणरत महिला नव आरक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में प्रतिभागियों ने गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। आकर्षक विद्युत सज्जा से परिसर उत्सवी रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बटालियन के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनल पर किया गया। उत्कृष्ट वेशभूषा एवं नृत्य के लिए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सुलेखा चौधरी एवं सेनानी सिद्धार्थ चौधरी उपस्थित रहे। श्रद्धा सोनकर, अर्चना जाट, एल.एस. श्याम, एम.पी. सिंह, विजय कुमार अंभोरे, विक्रम सिंह, हितेश फुलझेले, विजय मेहरा, शैलेन्द्र सिंह, स्वरूप सिंह, उमेश प्रताप सिंह, प्रहलाद मरावी एवं बिलर सिंह जमरा सहित अधिकारी-कर्मचारी और परिजन मौजूद रहे। आयोजन ने सांस्कृतिक परंपराओं और पारिवारिक एकता को प्रोत्साहित किया।





रेल महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों के साथ खेला गरबा

मजदूर संघ के महोत्सव में उमड़ा उत्साह

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के भव्य गरबा महोत्सव का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ हुआ। आयोजन में पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री दिलीप कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी, मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल कुमार तलरेजा एवं उनकी धर्मपत्नी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मजदूर संघ के महामंत्री श्री अशोक शर्मा, मंडल सचिव एस.एन. शुक्ला, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महिला महामंत्री सविता त्रिपाठी सहित रोशन यादव, संदीप श्रोती, अनिल कुमार यादव, सतीश कुमार, चंद्रकला, दुर्गा, सरला, श्यामकला, रेखा, डॉली, अपराजिता, खुशबू, माधुरी, दीप्ति, बॉबी भूपत, दीपशिखा, संगीता और उर्मिला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण तब रहा, जब महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक और मजदूर संघ के महामंत्री ने सैकड़ों रेलकर्मियों के साथ गरबा नृत्य किया। ढोल की थाप पर थिरकते प्रतिभागियों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। आयोजन ने रेल परिवार की एकता, भाईचारे, सांस्कृतिक परंपरा और आपसी सद्भाव का सुंदर संदेश दिया।



मां श्री शारदा आशीष दरबार में महाअष्टमी पर कल सार्वजनिक हवन

जबलपुर। शक्तिनगर स्थित मां श्री शारदा आशीष दरबार में महाअष्टमी के अवसर पर रविवार, 18 अक्टूबर को सार्वजनिक हवन आयोजित किया जाएगा। माता के आराधक आशीष भैया जी के मार्गदर्शन में नवरात्रि पर कलश स्थापना के साथ विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं। हवन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। दरबार व्यवस्था समिति ने श्रद्धालुओं से दोपहर 1:30 बजे तक पहुंचने की अपील की है। समिति के मुकेश कुशवाहा, मिलन मुखर्जी, संजय बरहा, जयंत क्षीरसागर, पं. सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, संतोष द्विवेदी, संतोष मिश्रा, नीरज पांडे, सरबजीत तग्गड़, मनीष शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, मोहन जोशी, सौरभ तिवारी, अमर दुबे, कौशलेन्द्र महाजन, के.के. तिवारी, आदर्श तिवारी, करन ठाकुर, राकेश ठाकुर, राम सिंह, एल्वीन भैया, खेमराज वशिष्ठ, गगन वशिष्ठ, सुनील सोनी, सुनील राजपूत, रामशंकर दुबे, सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भक्तों से हवन में शामिल होने का आग्रह किया है।

सदर रामलीला में शूर्पणखा विरूपण और सीता हरण का मंचन

जबलपुर। धनुष यज्ञ रामलीला समिति सदर द्वारा आयोजित रामलीला में शूर्पणखा विरूपण, खर-दूषण वध और सीता हरण की लीलाओं का मंचन किया गया। कलाकारों ने सजीव अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला के दौरान रावण की बहन शूर्पणखा भगवान श्रीराम और लक्ष्मण को देखकर मोहित हो जाती है। सीता जी को भयभीत करने पर लक्ष्मण द्वारा उसकी नाक-कान काट दिए जाते हैं। शूर्पणखा की शिकायत पर खर-दूषण युद्ध करते हैं, जिसमें उनका वध हो जाता है और 14 हजार राक्षसों का संहार होता है। इसके बाद रावण मारीच के साथ मिलकर स्वर्ण मृग की योजना बनाता है और सीता हरण कर लेता है। सीता की रक्षा करते हुए जटायु रावण से युद्ध करता है और वीरगति को प्राप्त होता है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2026-27
दिनांक:- 09/10/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेंद्र कुंजाम पिता श्री निहाल कुंजाम 2. श्रीमति रूपेश्वरी कुंजाम पति श्री जितेंद्र कुंजाम ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के प्लाट नं. 30 राजुल टाउनशिप तिलहरी समपति के पिन क्रमांक 10004501599 भूमि का क्षेत्रफल 1354 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1030 वर्गफुट प्रथमतल 1030 वर्गफुट विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्रीमति शीतल गुजराल पति श्री सुमित गुजराल का नाम का नाम हटाये जाने एवे आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

द्रांसफर सर्टिफिकेट गुमा

मैं, आशीष जायसवाल , सेंट मैरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय , जबलपुर का पूर्व विद्यार्थी हूँ। मेरी कक्षा 12वीं का मूल स्थानांतरण प्रमाणपत्र (Transfer Certificate) दिनांक 14/10/2026 को रांझी बाजार में फोटो कॉपी करवाते समय कहीं गुम हो गई है। काफी खोजने के बाद भी वह नहीं मिली है। यदि किसी व्यक्ति को मेरा उक्त प्रमाणपत्र मिले, तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करें।

Ashish Jaiswal
मो. 7869762717

CHANGE OF NAME

I, **NEERAPREETI EKKA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15417400H** Rank **HAV/AMB ASST** Name **PULI CARP KUJUR** presently, residing at VILL-**DHODHI BAHAR PO-BANDAR CHUAN, TEH- KUNKURI, DISTT- JASHPUR NAGAR (CHHATTISGARH)-496223** I, have changed of my name from **NEERAPREETI EKKA** (Name as per my Husband, Army service records) to **NEERAPREETI KUJUR** (name as per my **AADHAR CARD NO. 9031 3300 3804 AND PAN CARD NO. ABZPE0256C)** vide affidavit dated **16/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
NEERAPREETI KUJUR
INCORRECT NAME
NEERAPREETI EKKA

CHANGE OF NAME

I, **POONAM** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **15434642F** Rank **HAV/AMB ASST** Name **SITARAM** presently, residing at **VILL SIHA, PO KHATELA, TEH- HODAL, DISTT- PALWAL (HARYANA)-121105** I, have changed of my name from **POONAM** (Name as per my Husband, Army service records) to **POONAM KUMARI** (name as per my **AADHAR CARD NO. 6301 5324 0226**) vide affidavit dated **16/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
POONAM KUMARI
INCORRECT NAME
POONAM

नाम परिवर्तन एवं जन्मतिथि सूचना

I, NO-JC 709056A, Rank- NB/SUB (NA), Name- AJMER SINGH BAJOLIYA Unit- 2 MP Girls Bn NCC Jabalpur (M.P), Resiging of Vill-POUNAR, POST- POUNAR, Teh-CHHINDWARA, Distt - CHHINDWARA, State- MADHYA PRADESH, PIN - 480331 शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम एंव जन्मतिथि SAKLBATI / 12-05-1963 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरी माता के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरी माता का नाम एंव जन्मतिथि SAKALVATI CHOURIYA / 01-01-1958 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरी माता के नाम एंव जन्मतिथि को पढा व सुना एंव मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न 38AA 850483 दिनांक 16-10-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
SAKLBATI / 12-05-1963
सही नाम एंव जन्मतिथि
SAKALVATI CHOURIYA / 01-01-1958

नाम परिवर्तन एवं जन्मतिथि सूचना

I, NO-JC 709056A, Rank- NB/SUB (NA), Name- AJMER SINGH BAJOLIYA Unit- 2 MP Girls Bn NCC Jabalpur (M.P), Resiging of Vill-POUNAR, POST-POUNAR, Teh-CHHINDWARA, Distt -CHHINDWARA, State- MADHYA PRADESH, PIN-480331 शपथपूर्वक नि लि कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम एंव जन्मतिथि AGNOO BAJOLIYA / 05-08-1958 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे पिता के आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरे पिता का नाम एंव जन्मतिथि AGHNU CHOURIYA/ 01-01-1953 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे पिता के नाम एंव जन्मतिथि को पढा व सुना एंव मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र न 38AA850482 दिनांक 16-10-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
AGNOO BAJOLIYA /05-08-1958
सही नाम एंव जन्मतिथि
AGHNU CHOURIYA / 01-01-1953

दिल्ली के कनॉट प्लेस में 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में मचा बवाल

नोटिस देने के बावजूद सीजेपी ने किया प्रदर्शन, देश की सुरक्षा को किया नजरअंदाज, पार्टी नेता दीपके को पुलिस ने हिरासत में लिया

सीजेपी के नेता दीपके को कनॉट प्लेस में संगठन के प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में भाग लेने के लिए घर से निकलते समय हिरासत में ले लिया गया, नोटिस पर किया बवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था की गई चाक-चौबंद, लगा रहा पहरा
- पुलिस की नोटिस पर ही भड़क गए सीजेपी नेता अभिजीत दीपके, पुलिस पर ही उठाए सवाल

'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के नेता अभिजीत दीपके को कनॉट प्लेस में संगठन के प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' प्रदर्शन में भाग लेने के लिए घर से निकलते समय हिरासत में ले लिया गया। इससे पहले दिन में, दिल्ली पुलिस के 20 से अधिक पुलिसकर्मी झंडेवालान स्थित दीपके के आवास पर पहुंचे और उन्हें एक नोटिस थमाया, जिसमें उनसे ऐसा कोई भी कदम उठाने से बचने का निर्देश दिया गया जिससे नागरिकों, व्यापारियों, यात्रियों, मरीजों और अन्य लोगों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पुलिस की यह कार्रवाई प्रदर्शन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच हुई है।



दीपके को गिरफ्तार करती दिल्ली पुलिस

दीपके को प्रदर्शन नहीं करने का दिया था नोटिस

दीपके के दिल्ली स्थित आवास पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के 20 से अधिक जवान पहुंचे। पुलिस ने उन्हें कनॉट प्लेस में प्रस्तावित प्रदर्शन नहीं करने का नोटिस दिया। दिपके ने शुक्रवार शाम 5 बजे कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में 'लहरा दो तिरंगा' मार्च आयोजित करने का आह्वान किया है।



दीपके बोले- नोटिस में जो मन में आए वो लिखे जा रहे

दीपके को पुलिस ने शुक्रवार को नोटिस थमा दिया है। पुलिस ने उन्हें मार्च नहीं निकालने की चेतावनी दी है। पुलिस की टीमें उस घर पर पहुंचीं, जहां पर दीपके रह रहे हैं। पुलिस के अधिकारी ने दीपके को नोटिस दिया और कहा कि इस समय कनॉट प्लेस के आसपास के इलाके में बीएनएस की धारा 163 लागू है। अगर सीजेपी इस धारा का उल्लंघन करती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनडीएमसी ने तिरंगा यात्रा के लिए सीजेपी को अनुमति नहीं दी है। दीपके भड़क गए और पूछने लगे कि ये नोटिस होती है? जो मन में आए, वो लिखे जा रहे हो। कानून-व्यवस्था बनाए रखने दिल्ली पुलिस के 6,000 से अधिक जवान और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 220 कंपनियां तैनात की गई थीं।



200 फीट लंबा राष्ट्रीय ध्वज लेकर सड़कों पर उतरी आप

राष्ट्रपति भवन के पास निकाला 'तिरंगा मार्च', क्यों रोक रहे

कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में प्रस्तावित 'लहरा दो तिरंगा' मार्च से पहले आप ने राष्ट्रपति भवन के पास तिरंगा मार्च निकाला और कहा कि यह तय करना केंद्र सरकार का काम नहीं है कि जनता राष्ट्रीय ध्वज कहां फहराए। भारद्वाज ने हाथों में तिरंगा लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस की मौजूदगी में नॉर्थ एवेन्यू में मार्च निकाला। भारद्वाज ने कहा कि सरकार और पुलिस यह तय नहीं कर सकती कि नागरिक राष्ट्रीय ध्वज कहां फहराएं? यह उनका काम नहीं है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तिरंगा रैली निकाली।



इस दौरान पार्टी के नेता और कार्यकर्ता 200 फीट लंबा तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे। रैली में बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक भी शामिल हुए।

व्यापारियों ने सरकार और सुप्रीम कोर्ट से लगाई गुहार प्रदर्शनों पर रोक लगे

दिल्ली में लगातार हो रहे प्रदर्शनों और आंदोलनों के कारण त्योहारी सीजन में बाजारों को करोड़ों रुपएका नुकसान हुआ है, जिससे परेशान होकर व्यापारियों ने प्रशासन और सरकार से कड़ी अपील की है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री और विभिन्न व्यापार संघों के अनुसार, प्रदर्शनों और बाजार बंद रहने से दिल्ली के व्यापार को 2,000 - 3,000 करोड़ तक का भारी नुकसान हुआ है। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्य न्यायाधीश और नेताओं को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में विरोध प्रदर्शनों और रैलियों पर तुरंत रोक लगाई जाए।

सुप्रीम कोर्ट सख्त

सीजेआई पर टिप्पणी करने पर राउत और वागले को अवमानना नोटिस

सीजेई पर की गई टिप्पणियों को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत और पत्रकार निखिल वागले के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी। अदालत ने न्यायपालिका पर की गई टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस तरह के हमले बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने अवमानना याचिका दायर की है।



मैं माफी मांगता हूं,

एसआईआर से जुड़ी कानूनी चुनौती में शामिल राउत ने बड़ा बयान दिया है। राउत ने कहा है कि न्याय चाहने वालों के लिए सुप्रीम कोर्ट ही आखिरी उम्मीद है। अगर उनकी किसी बात या हरकत को अनुचित माना जाता है, तो वे सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगने के लिए तैयार हैं।

केरलम में कांग्रेस का आंदोलन

सीईसी की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर जताया विरोध और टॉयलेट में बहाई 'राख'

तिरुवनंतपुरम। केरलम के पलक्कड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बाकायदा सीईसी का चिता सजाकर, माला चढ़ाई गई तस्वीर रखकर अंतिम संस्कार से जुड़े रीति-रिवाजों का मंचन किया और बची हुई राख को एक शौचालय में बहा दिया। यह प्रदर्शन पलक्कड़ शहर के स्टेडियम बस स्टैंड के पास ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था।



राख को शौचालय में बहाने पर बढ़ा विवाद

इस विरोध प्रदर्शन का सबसे विवादित पहलू चिता जलने के बाद सामने आया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं ने वहां से राख एकत्र की और उसे मुख्य चुनाव आयुक्त का विरोध जताते हुए एक शौचालय में बहा दिया। इससे कई सवाल उठे हैं।

निर्वाचन आयोग 30 को टीएमसी के दावे पर सुनवाई करेगा



निर्वाचन आयोग ने टीएमसी के प्रतिद्वंद्वी गुटों को 30 अक्टूबर को सुनवाई के लिए बुलाया है। पश्चिम बंगाल के उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न के इस्तेमाल पर रोक लगाए जाने के बाद यह पहली सुनवाई होगी।

खबर संक्षेप

भाजपा-युवा मोर्चा का मार्च आंसू गैस के गोले छोड़े

तिरुवनंतपुरम। पीएससी में कथित अनियमितताओं और नेता प्रतिपक्ष पिनराई विजयन के इस्तीफे की मांग को लेकर केरलम विधानसभा की ओर मार्च के दौरान हिंसा भड़क उठी। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।



बुलंदशहर में वैन पेड़ से टकराई, 5 की मौत

बुलंदशहर। कासगंज से नरौरा के सर्वमंगला मां बेला भवानी सिद्धपीठ बेलोन के दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं की ईको वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक साल की बच्ची, उसके पिता और दादा सहित 5 लोगों की जान चली गई।



यूपीएससी ने भर्ती परीक्षा की तारीख बढ़ाई

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग ने दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल के पदों पर भर्ती को लेकर नया नोटिस जारी किया है। नोटिस में बताया गया है कि संयुक्त भर्ती परीक्षा अब 1 नवंबर के बजाय 9 जनवरी 2027 को आयोजित होगी।



राजनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस और सहयोगियों पर बोला हमला

दशकों से चुनाव हार रहे ये दल भारत विरोधी तत्वों के हाथों खेल रहे, अराजकता फैला रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर जाने-अनजाने भारत विरोधी ताकतों के हाथों में 'खेलते' नजर आने का आरोप लगाया और कहा कि हिंसा और अराजकता की आग में देश को झोंककर 'बांग्लादेश जैसी स्थिति' बनाने का ख्वाब देख रही कांग्रेस ने अब अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के नाम का इस्तेमाल करने का सारा नैतिक अधिकार खो दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। स्वाभाविक है कि तमाम शक्तियों को भारत का यह उभार रास नहीं आ रहा होगा। सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश को यह समझने की आवश्यकता है कि दशकों से चुनाव हार रहे राजनीतिक दल जाने या अनजाने में आज इन (भारत विरोधी) शक्तियों के हाथों में खेलते हुए नजर आ रहे हैं।

देश में बांग्लादेश जैसी सत्ता परिवर्तन की साजिश रच रहे

4 बड़े अक्षम्य अपराध किए

1. 1975 का आपातकाल
2. 1984 के सिख विरोधी दंगे
3. अयोध्या सेवकों पर गोलीबारी
4. वर्तमान में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करना

देश में हिंसा फैला रहे



कांग्रेस और सहयोगी जबरन विरोध प्रदर्शन करवा रहे

राजनाथ ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस पर देश में अस्थिरता और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल युवाओं को आगे करके चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करवा रहे हैं और देश में बांग्लादेश जैसी 'रिजीम चेंज' (सत्ता परिवर्तन) की साजिश रच रहे हैं।

कांग्रेस अपने दम पर कभी चुनाव नहीं जीती, रायबरेली उदाहरण

उन्होंने कहा कि जब से वोटर आईडी व्यवस्था लागू हुई है, कांग्रेस अपने दम पर लोकसभा में कभी बहुमत की सरकार नहीं बना पाई है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या वे सपा के बिना रायबरेली जीतेंगे?

प्रशांत भूषण का पुराना वीडियो शेयर कर रिजिजू बोले

'रिजीम चेंज' वालों को कभी माफ न करें, गद्दारों को...



एसआईआर को लेकर और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देश में चल रहे कांग्रेस के प्रदर्शन के बीच देश में 'रिजीम चेंज' की बहस अब और तीखी हो गई है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण का पुराना वीडियो शेयर करते हुए लोगों से अपील की कि वे उन लोगों को कभी माफ न करें जिन्हें उन्होंने 'गद्दार' कहा। दोस्तों को एक बार माफ करें पर ऐसे लोगों को कभी माफ न करें।

प्रधान का राहुल पर कटाक्ष

कांग्रेस स्वार्थ के लिए लोगों को परेशान कर रही

राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हार का शतक लगा चुके नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बार-बार जनता के जनादेश को अपमानित करते हैं। चुनावी प्रक्रिया से मनचाहा परिणाम न मिलने पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अविश्वास पैदा करने की कांग्रेस की कोशिश और राजनीतिक स्वार्थ के लिए आए दिन जनता को परेशान करना इनका हमेशा से उद्देश्य रहा है।



ईरानी ने भी बोला हमला

राहुल और विपक्ष बिना सबूत हल्ला कर रहे, आगामी चुनाव की लड़ाई लड़ रहे

भाजपा की नेता स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी और विपक्षी दलों द्वारा ईसीआई पर लगाए गए आरोपों और एसआईआर)के विरोध को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। च ईरानी ने कहा कि कांग्रेस आज भारत के संवैधानिक संस्थानों और चुनाव आयोग पर बिना किसी ठोस सबूत के हमले कर रही है। निरर्थक हल्ला कर रही है।



मेरठ का सर्पदंश हत्याकांड

रविता और अमरदीप को फांसी अमित को बिस्तर पर छोड़ा था



अमित



रविता



अमरदीप

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यहां के बहसूमा क्षेत्र के गांव अकबरपुर सादात निवासी अमित कश्यप उर्फ मिक्की कश्यप हत्याकांड में अदालत ने उसकी पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। चर्चित सर्पदंश हत्याकांड में दोनों को पहले ही हत्या और साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-12) जयवीर सिंह नागर की अदालत में मामले की सुनवाई हुई।अमित की हत्या को सांप के काटने से हुई मौत दिखाने की कोशिश की गई थी। परिवार को भी यही बताया गया कि अमित की मौत सर्पदंश से हुई है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच में हत्या की बात सामने आई।

अदालत ने किया मनुस्मृति का जिक्र

सजा सुनाने से पहले न्यायाधीश ने मनुस्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि अधर्म कभी धर्म से नहीं जीत सकता। अदालत की टिप्पणी में सावित्री का भी उल्लेख किया गया, जो यमराज से भिड़ गई थीं। हत्या करके उसको अन्य रूप दिया गया।

मद्रास हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

128 जगहों पर तमिलनाडु में पथ संचालन की अनुमति दी

चेन्नई। तमिलनाडु में आरएसएस को 128 जगहों पर पथ संचालन की अनुमति मिल गई है। मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस की आलोचना की।



हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस बार-बार उन आधारों पर अनुमति देने से इनकार कर रहे थे जिन्हें अदालतें पहले ही खारिज कर चुकी हैं। हाईकोर्ट ने कहा था कि जब जम्मू कश्मीर जैसे राज्य में संघ का पथ संचालन हो सकता है तो तमिलनाडु में क्यों नहीं? हाई कोर्ट ने पथ संचलन मामले में फैसला देते हुए तमिलनाडु पुलिस को जमकर सुनाया। जस्टिस वी. लक्ष्मी नारायणन की सिंगल बेंच ने सरकार के खिलाफ बड़ी टिप्पणी भी की।

गृह मंत्री शाह का मान सरकार पर निशाना

राज्य के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लें

पंजाब ड्रग्स, गैंगस्टरवाद और अपराध से जूझ रहा,जवाब दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पंजाब में ड्रग तस्करी, गैंगस्टरवाद और संगठित अपराध के बढ़ते खतरे पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने भगवंत मान सरकार से राज्य के लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए। गृह मंत्रालय हाल की घटनाओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगेगा। एक्स पर शाह ने लिखा, पंजाब आज ड्रग्स, गैंगस्टरवाद और संगठित अपराध के बढ़ते खतरों से जूझ रहा है। भगवंत मान सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर पंजाब के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? शाह ने दिरबा और मानसा कीघटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

मुख्यमंत्री मान को सीधा संदेश

मान को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, भगवंत मान, पंजाब की जनता प्रचार नहीं चाहती – वे जवाब चाहते हैं। घोषणाएं नहीं, बल्कि परिणाम चाहते हैं। ड्रग नेटवर्क के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई चाहते हैं और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण की निष्पक्ष जांच चाहते हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है – नशीले पदार्थों के कारोबार पर प्रहार करना, युवाओं के भविष्य की रक्षा करना, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना और ऐसा कानून का शासन स्थापित करना जिसमें कोई नागरिक डर के साये में न जीए।



निजी संस्थानों में इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए फीस से जुड़ा एक अहम मामला सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दाखिले के बाद फीस संरचना में बदलाव केवल विशेष परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। प्रवेश के समय तय फीस से अधिक भुगतान करने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। बीच में फीस बढ़ने से छात्रों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ सकता है।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए राहतभरी खबर

प्राइवेट कॉलेजों में मनमानी फीस बढ़ोतरी नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दाखिले के बाद नहीं बढ़ेगी फीस

कोर्ट ने कहा बीच में कोई शुल्क नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, यह गलत



पालकों के बजट पर ध्यान देना होगा

कोर्ट ने फीस में पारदर्शिता और निश्चितता की जरूरत पर जोर दिया। फीस अधिकांश परिवारों की आय और बचत का बड़ा हिस्सा होती है। माता-पिता बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर योजना बनाते हैं। वे फीस का इंतजाम करते हैं कि पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके बच्चों को बेहतर रोजगार और करियर के अवसर मिलेंगे।

बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर बोला कोर्ट

केंद्र सरकार से 3 दिसंबर तक मांगा जवाब

बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें ऑनलाइन खतरों से बचाने सख्त नियम बनाने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इअगली सुनवाई 3 दिसंबर को होगी।यह याचिका एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल और उसके निदेशक ने दायर की है।

कई समस्याएं पैदा हो रहीं

याचिकाकर्ताओं ने बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल से उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को लेकर गहरी चिंता जताई है। इसके इस्तेमाल से बच्चों में डिप्रेशन, घबराहट, चिंता, भावनात्मक परेशानी और कम आत्मसम्मान कारण बन सकता है।